डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 122 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# जयपुर में सरकारी इंजीनियर के पास 2 करोड़ की कारें, करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

**- ACB की छापेमारी में बड़ा खुलासा, फार्म हाउस, लग्जरी फ्लैट्स और विदेशी यात्राओं पर भारी खर्च**

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने गुरुवार को राजस्थान के जयपुर जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) के अधिशाषी अभियंता (XEN) हरिप्रसाद मीणा के ठिकानों पर छापेमारी कर करोड़ों की अवैध संपत्ति का खुलासा किया है। प्रारंभिक जांच में ही इंजीनियर के पास से 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की दो लग्जरी ऑडी कारें, फार्म हाउस, कई फ्लैट्स, कृषि भूमि और विदेशी यात्राओं पर भारी भरकम खर्च का ब्यौरा सामने आया है।

**सुबह शुरू हुई कार्रवाई, पांच से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी**

एसीबी की टीम ने गुरुवार सुबह जयपुर के दूदू क्षेत्र सहित विभिन्न ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। दूदू के गांव बगड़ी और जगतपुरा, साथ ही आरोपी के ऑफिस में भी तलाशी अभियान चलाया गया। कुल मिलाकर 5-6 लोकेशनों पर एक साथ छापेमारी की गई। इस दौरान हरिप्रसाद मीणा के घर से दो महंगी ऑडी कारें जब्त की गईं, जो मात्र 2-3 वर्ष पुरानी बताई जा रही हैं।

**विदेशी शौक और महंगी लाइफस्टाइल का पर्दाफाश**

जांच में सामने आया कि हरिप्रसाद मीणा को विदेशों में घूमने और महंगी होटलों में ठहरने का शौक है।

अब तक की जानकारी के अनुसार, उन्होंने विदेशी यात्राओं और लग्जरी होटल्स पर करीब 45 लाख रुपये खर्च किए हैं। इसके अलावा, उनके पास जयपुर और दौसा जिले में कई कीमती जमीनें भी हैं। लालसोट क्षेत्र में उन्होंने एक आलीशान फार्म हाउस भी बनवा रखा है।

**19 बैंक अकाउंट, करोड़ों का लेनदेन**

एसीबी की पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी और उनके परिवार के नाम से 19 अलग-अलग बैंकों में खाते हैं। इन खातों से करोड़ों रुपये का लेनदेन



हुआ है। इतना ही नहीं, हरिप्रसाद मीणा ने कार और संपत्तियों के लिए बैंक से लोन तो लिया, लेकिन उन्हें समय से पहले चुका भी दिया, जो कि उनकी घोषित आय से मेल नहीं खाता।

**लीगल इनकम से 200 प्रतिशत अधिक संपत्ति**

एसीबी के एडिशनल एसपी भूपेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि अब तक की जांच में हरिप्रसाद मीणा की संपत्ति उसकी वैध आय से करीब 200 प्रतिशत अधिक पाई गई है। सरकारी सेवा में आने के बाद से अब तक आरोपी ने लगभग 4 करोड़ रुपये की संपत्ति जमा कर ली है, जो कि उसकी आय के अनुपात में बेहद असामान्य है।

**पूछताछ जारी, दस्तावेजों की गहन जांच में जुटी ACB**

फिलहाल एसीबी की टीम जगतपुरा स्थित आरोपी के घर में पूछताछ कर रही है।

टीम को कई अहम दस्तावेज और जमीनों के रिकॉर्ड भी मिले हैं, जिनकी विस्तृत जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में और भी चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

## 500 एकड़ जमीन में बनेगी नई तिहाड़ जेल!

### तिहाड़ जेल में कैदियों की संख्या क्षमता से 2.5 गुना ज्यादा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिहाड़ जेल। दिल्ली की एक ऐसी जगह, जहां उम्मीद और निराशा दोनों साथ-साथ चलते हैं। यहां अपराधियों को सुधारने की कोशिश भी होती है और उन्हें उनके कर्मों की सजा भी मिलती है। यह एक ऐसी दुनिया है जहां आजादी और कैद के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। इस जेल में 5 हजार कैदियों की जगह है, लेकिन यहां 13 हजार कैदी रहते हैं। यह एक तरह से भारत




की न्याय प्रणाली की जटिलताओं को दर्शाता है। तिहाड़ जेल में जीवन बहुत मुश्किल है। यहां रहने की जगह कम है, सुरक्षा की चिंता बनी रहती है और जीवन की स्थितियां अच्छी नहीं हैं। इसी वजह से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 25 मार्च को अपने बजट भाषण में इस जेल को शहर के बाहर किसी नई जगह पर ले जाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने इसके लिए सर्वे और सलाह के लिए 10 करोड़ रुपये भी दिए। 1958 से पहले, दिल्ली गेट इलाके में एक छोटी सी जेल थी। 1958 में इसे तिहाड़ गांव में ले जाया गया। तब इसमें सिर्फ एक जेल थी, जिसमें 1,273 कैदियों को रखा जा सकता था।

# आप संविधान से चलें पार्टियों की मर्जी से नहीं

● **तमिलनाडु के 10 बिल रोकने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**

**राज्यपाल के फैसले को बताया अवैध,लगाई फटकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध बताया है। कोर्ट ने कहा कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राज्यपाल को एक दोस्त, दार्शनिक और राह दिखाने वाले की तरह होना चाहिए। आप संविधान की शपथ लेते हैं। आपको किसी राजनीतिक दल की तरफ से संचालित नहीं होना चाहिए। आपको उत्प्रेरक बनना चाहिए, अवरोधक नहीं। राज्यपाल को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई बाधा पैदा न हो। सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को



रोककर रखा है। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो में काम कर चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि राज्यपाल द्वारा इन 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध और मनमाना है। यह कार्रवाई रद्द की जाती है। राज्यपाल की सभी कार्रवाई अमान्य है।

**कांग्रेस का 84वां अधिवेशन**

# अहमदाबाद में हुई मीटिंग

● राहुल और सोनिया गांधी पहुंचे,लेकिन प्रियंका मौजूद नहीं

● जयराम रमेश बोले- गांधीवादी संस्थाओं पर हो रहे हमले




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन हो रहा है। यह दो दिन (8 और 9 अप्रैल) चलेगा। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। मीटिंग के बाद कार्यसमिति के सभी सदस्यों को पटेल अ लाइफ नाम की पुस्तक दी गई। इसके बाद सरदार स्मारक के बाहर नेताओं का फोटो सत्र आयोजित किया गया। गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहे पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि आज अधिवेशन में 158 सदस्य मौजूद थे। आज सरदार पटेल पर विशेष चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुआ। गुजरात में अधिवेशन होना ही विशेष है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बैठक हो रही है। पटेल और जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इन दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं होने का दावा करने वाले झूठ बोल रहे हैं। मीटिंग में सरदार वल्लभभाई पटेल को लेकर एक विशेष प्रस्ताव पास किया गया है। कल दो दो मुद्दों पर चर्चा होगी। हमारे प्रस्ताव से मालूम होगा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के बीच कैसे रिश्ते थे। इन्होंने गांधीजी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी और बाद में भारत की नींव रखी। आज किसानों की बातें नहीं सुनी जा रही हैं। ये सरदार पटेल की अवमानना है। उन्होंने यह भी कहा कि आज गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज हमने इस ऐतिहासिक जगह पर सीडब्ल्यूसी की मीटिंग की है।

## अब संभल की शाही जामा मस्जिद का बदलेगा नाम!

### एएसआई ने 'जुमा मस्जिद' के नाम से भेजा है साइन बोर्ड

**संभल (एजेंसी)।** संभल की शाही जामा मस्जिद एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा भेजा गया एक नया साइन बोर्ड है जिसमें मस्जिद का नाम 'जुमा मस्जिद' लिखा गया है। उम्मीद है कि सत्यव्रत पुलिस चौकी में रखा नीले रंग का एएसआई का यह बोर्ड जल्द ही पुराने बोर्ड की जगह लगाया जाएगा।

पुराने बोर्ड पर 'शाही जामा मस्जिद' लिखा हुआ है। एएसआई के वकील विष्णु शर्मा ने बताया कि मस्जिद के बाहर पहले एएसआई का एक बोर्ड लगा था, लेकिन कुछ व्यक्तियों ने कथित तौर पर इसे हटाकर शाही जामा मस्जिद लिखा बोर्ड लगा दिया। नया बोर्ड एएसआई के दस्तावेजों में



दर्ज नाम जुमा मस्जिद के अनुसार बनाया गया है। शर्मा ने कहा कि मस्जिद परिसर के अंदर पहले से ही इसी नाम का एक नीला बोर्ड लगा हुआ है। एएसआई ने अभी तक इस बारे में कोई समयसीमा नहीं बताई कि बोर्ड कब तक लगाया जाएगा। विष्णु शर्मा के अनुसार, एएसआई अपने दस्तावेजों के अनुसार ही काम कर रहा है। उनका कहना है कि मस्जिद का नाम 'जुमा मस्जिद' ही एएसआई के रिकॉर्ड में दर्ज है। इसलिए नया बोर्ड उसी नाम से जारी किया गया है। मस्जिद का नाम बदलने से कुछ लोगों में नाराजगी हो सकती है, लेकिन यह बदलाव सिर्फ दस्तावेजों पर हुआ है।

## 25 हजार जैन एक साथ करेंगे नवकार मंत्र का जाप

### 9 अप्रैल को दिल्ली-अहमदाबाद में होगा यह आयोजन

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन अहमदाबाद और जैन समाज द्वारा विश्व कल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन अहमदाबाद के ग्राउंड में किया जा रहा है। यह आयोजन जैन समुदाय की ओर से विश्व शांति और अहिंसा के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से हो रहा है। नवकार महामंत्र का मूल संदेश सभी जीवों के प्रति स्नेह और आदर है, जो अनेक धर्मों के मूल सिद्धांतों से मेल खाता है। यह मंत्र अहिंसा का



एक प्रबल संदेश देता है, जिसे न केवल जैन धर्म बल्कि हिंदू, बौद्ध और कई अन्य धर्म भी मानते हैं। इस मंत्र के जाप से आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक विकास के माध्यम से विश्व का कल्याण संभव है। ऐतिहासिक रिकॉर्ड की तैयारी इस आयोजन में 9 अप्रैल को सुबह 8.01 बजे से ग्राउंड, अहमदाबाद (हेल्मेट सर्कल के पास) पर एक साथ 25 हजार से अधिक लोग नवकार मंत्र का सामूहिक जाप करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एपेक्स के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और पूरे भारत को वर्चुअली संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल,गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी,टोरेंट ग्रुप के सुधीर मेहता इस आयोजन में शामिल होंगे।

● **ममता सरकार को पहले झटका फिर 'सुप्रीम' राहत**

# शिक्षक भर्ती : सीबीआई जांच पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट से ममता बनर्जी सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी जिसमें हाईकोर्ट ने साल 2022 में कर्मचारी चयन आयोग के तहत हुई भर्ती में अतिरिक्त पदों के सृजन को लेकर सीबीआई जांच चल रही थी। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि ये अतिरिक्त पद बंगाल सरकार की कैबिनेट ने मंजूर किया था और



फिर राज्यपाल की मंजूरी भी ली थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कोर्ट का ये काम नहीं है कि वो कैबिनेट के फैसलों की जांच करे। हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त पदों के सृजन को अवैध करार देते हुए सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट किया है कि ये आदेश शिक्षक भर्ती के लिए पुराना फैसला बरकरार रहने वाला है। साल 2016 में 25000 शिक्षकों और की नियुक्ति मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया था। जिसको लेकर ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सर्वोच्च न्यायालय ने हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में अब राहुल गांधी की एंट्री

● **मामले में हस्तक्षेप के लिए राष्ट्रपति को लिखा पत्र**

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में टीचर भर्ती घोटाला मामले में राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखी है। राहुल गांधी ने इस मामले में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की है। राहुल गांधी का कहना है कि निष्पक्ष तरीके से चुने गए उम्मीदवारों को जारी रखने की अनुमति मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। राहुल ने अपने पोस्ट में



लिखा, मैंने भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल में हजारों योग्य स्कूल शिक्षकों के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के बाद अपनी नौकरी खो दी है। उन्होंने आगे कहा,मैंने उनसे अनुरोध किया है कि वे सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करें कि निष्पक्ष तरीके से चुने गए उम्मीदवारों को जारी रखने की अनुमति दी जाए।

# आज भी 16 जिलों में बारिश की संभावना

राजस्थान में तेज गर्मी और लू से कल देर शाम कई शहरों को राहत मिली। बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में शाम को कई जगह तेज धूलभरी आंधी चली और बारिश हुई।

मौसम के इस बदलाव से चार डिग्री तक तापमान गिरा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान में आज और कल भी पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। आज 5 जिलों में ऑरेंज और 11 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**43 डिग्री तक पहुंचा जयपुर का तापमान**

राजधानी जयपुर में भी शाम को आंधी चली और कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हुई। इससे पहले जयपुर में तेज गर्मी रही और दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर, बीकानेर में भी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बीकानेर में कल देर शाम को 1MM बारिश दर्ज हुई।

**औसत से 7 डिग्री ऊपर तापमान**

राजस्थान में कल कई शहरों में दिन में तेज गर्मी रही। सीकर, पिलानी, जयपुर, गंगानगर, फलौदी, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर समेत कई शहरों में दिन और रात का तापमान औसत से 5 से 7



डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हुआ। कल अजमेर में रात का टेम्प्रेचर 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस, फलौदी में 29.8, बीकानेर में 28 और बाड़मेर में 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## बाजार में डर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक मंदी के डर के साथ दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी शेयर बाजार इस कदर खौफजदा है कि पिछले हफ्ते वहां का बेंचमार्क इंडेक्स S&P 500 9.1% गिर गया, जो मार्च 2020 में कोरोना वायरस की दहशत के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। S&P 500 इस साल फरवरी के पीक से 17% से अधिक गिर चुका है। 20% से अधिक गिरावट आने पर बाजार मंदी में चला जाता है।

मार्केट में दहशत: इसका असर सोमवार को दुनिया के दूसरे बाजारों पर भी दिखा। हॉन्गकॉन्ग में बेंचमार्क इंडेक्स 12% से नीचे बंद हुआ, तो ताइवान का बाजार 10% नीचे। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स करीब 8% फिसल गया, जबकि दक्षिण कोरिया 5% से नीचे बंद हुआ। भारत में बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 3% से अधिक फिसला, वह भी तब जबकि इसमें पिछले साल अक्टूबर से ही गिरावट

पॉवेल से मदद नहीं: अमेरिका में दशकों से यह ट्रेंड रहा है कि जब भी निवेशक संकट में होते हैं, वहां का केंद्रीय बैंक किसी न किसी तरह की मदद करता आया है, लेकिन इस बार ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चीफ जेरोम पॉवेल ने पिछले शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ अनुमान से अधिक हैं और उसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह समझने में वक्त लगेगा। यानी केंद्रीय बैंक की ओर से कोई मदद नहीं मिलने जा रही।

स्टीमुलस से आशा: ट्रंप के टैरिफ का दुनिया के दूसरे देशों पर क्या असर होगा, इसका अंदाजा लगने में भी वक्त लगेगा। इसलिए मार्केट के जानकार फिलहाल निवेशकों को इस अनिश्चितता के दूर होने का इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन में अमेरिकी टैरिफ के असर से इकॉनमी को बचाने के लिए शी चिनफिंग सरकार स्टीमुलस पैकेज लाने की सोच रही है।

ज्यादा असर नहीं: भारत में हाल की तिमाहियों में कंजम्पशन डिमांड पर दबाव दिखा था, जिसमें इधर रिकवरी के संकेत मिले हैं और आने वाले वक्त में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। दूसरी बात यह है कि ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है।

# क्या ट्रम्प ने टैरिफ बढ़ाकर सबसे बड़ी गलती कर दी ? धराशायी हो रहे बाजार, दुनिया भर से उठी आलोचना




जयपुर (रॉयल पत्रिका)।सोचिए, आपको सिरदर्द है और इलाज के लिए कोई आपके सिर पर हथौड़ा मार दे! अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई टैरिफ नीति पर जानकार कुछ ऐसा ही कह रहे हैं। ट्रम्प ने अमेरिका के घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने और व्यापार घाटा कम करने के मकसद से भारत, चीन, जापान और यूरोप समेत लगभग 100 देशों पर भारी टैरिफ लागू कर दिए हैं।

क्या होता है टैरिफ?

टैरिफ दरअसल एक सीमा शुल्क (बॉर्डर टैक्स) होता है, जिसे देश विदेशी वस्तुओं के आयात पर लगाता है। इसे आयातक कंपनियों से सरकार वसूलती है। इसका मकसद आयातित वस्तुओं को महंगा कर घरेलू उद्योग को बढ़ावा देना होता है।

ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ मॉडल: व्यापार घाटे का गणित

ट्रंप ने इसे 'रेसिप्रोकल टैरिफ' यानी 'जैसे को तैसा' टैरिफ करार दिया। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें कई खामियां हैं। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने इस नीति के लिए चार स्टेप्स में गणना की:

ट्रेड डेफिसिट कैलकुलेशन: उदाहरण के लिए अमेरिका भारत से 87 अरब डॉलर का सामान आयात करता है और सिर्फ 41 अरब डॉलर का सामान निर्यात करता है, तो ट्रेड डेफिसिट 46 अरब डॉलर होगा।

प्रतिशत में डेफिसिट: 46/87 = 52% का व्यापार घाटा।

टैरिफ हाफिंग: इस 52% का आधा करके 26% टैरिफ भारत पर लागू किया गया।

मिनिमम 10% नियम: यदि घाटा 10% से कम है तब भी कम से कम 10% टैरिफ लगाया गया — जैसे ब्राजील पर।

अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों की आलोचना

JNU के प्रोफेसर अरुण कुमार और विदेश मामलों के जानकार राजन कुमार इस नीति की आलोचना करते हुए कहते हैं कि यह असली रेसिप्रोकल टैरिफ नहीं है।

इसमें सिर्फ अमेरिका के फायदे को ध्यान में रखा गया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन को नजरअंदाज कर दिया गया है।

उदाहरण:

ब्राजील: यूरोपीय यूनियन से अधिक टैरिफ लगाने के बावजूद केवल 10% टैरिफ।

बोत्सवाना: सिर्फ डायमंड निर्यात करता है, फिर भी 37% टैरिफ लगाया गया।

राजन कुमार कहते हैं, "यह सिरदर्द का इलाज सिर पर हथौड़ा मारने जैसा है। इससे अमेरिका और बाकी देशों को नुकसान होगा।"

रेसिप्रोकल टैरिफ का प्रभाव

अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट:

ट्रंप की घोषणा के दो दिनों में अमेरिकी शेयर बाजार का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा घट गया। वैश्विक बाजारों जैसे जापान और भारत में भी गिरावट दर्ज हुई।

चीन का जवाबी हमला:

चीन ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर 34% टैरिफ की घोषणा की। चीन की स्टेट काउंसिल ने इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन बताया।

फ्रांस की नाराजगी:

राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्पष्ट कहा कि जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं होती, फ्रांस अमेरिका से व्यापार नहीं करेगा।

भारत की हीरा इंडस्ट्री पर असर:

अमेरिका भारत से 30% डायमंड इम्पोर्ट करता है। टैरिफ बढ़ने से एक्सपोर्ट में गिरावट आने की आशंका है। कामा ज्वेलरी के डायरेक्टर कोलिन शाह ने इसे कठोर और निर्यात विरोधी बताया।

कनाडा और ब्राजील का जवाब:

कनाडा ने अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया। ब्राजील ने भी जवाबी टैरिफ की अनुमति देने वाला विधेयक पास किया है और मामला WTO में ले जाने की बात कही है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर दुनिया भर की सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है उनकी 'रेसिप्रोकल टैरिफ' नीति, जो उन्होंने 2 अप्रैल को लागू करने की घोषणा की।

इस नीति के तहत ट्रम्प ने भारत, चीन, जापान, यूरोप और तकरीबन 100 देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा दिए हैं। टैरिफ यानी सीमा शुल्क — जो किसी भी देश की ट्रेड नीति का सबसे तेज़ और असरदार हथियार होता है।

क्या कहा ट्रम्प ने?

घोषणा करते हुए ट्रम्प ने कहा, "आज लिबरेशन डे है, जिसका अमेरिका को लंबे समय से इंतज़ार था। अब हम जैसे को तैसा जवाब देंगे।"

उन्होंने इसे 'रेसिप्रोकल टैरिफ' बताया, यानी जितना टैक्स अमेरिका के सामान पर कोई देश लगाएगा, अमेरिका भी उतना ही टैक्स उस देश के उत्पादों पर लगाएगा। लेकिन क्या ये वाकई इतना सीधा है?

पॉलिसी का फॉर्मूला: गणित तो है, लेकिन गड़बड़ है

जानकारों के अनुसार ट्रम्प की टैरिफ नीति को देखने पर यह समझ आता है कि इसमें 'रेसिप्रोकल' जैसा कुछ नहीं है, बल्कि यह केवल ट्रेड डेफिसिट (व्यापार घाटा) पर आधारित गणना है।

प्रोफेसर अरुण कुमार (JNU) कहते हैं:

"यह नीति दिखने में गणितीय लगती है, लेकिन असल में यह सिरदर्द का इलाज हथौड़े से करने जैसी है।"

नीति के 4 स्टेप्स:

अमेरिका ने हर देश से ट्रेड डेफिसिट निकाला।

उस डेफिसिट को आयात पर डिवाइड कर प्रतिशत निकाला।

उस प्रतिशत का आधा करके उसे टैरिफ बना दिया।

न्यूनतम 10% टैरिफ तय कर दिया, चाहे डेफिसिट कम हो या न हो।

भारत को 26% टैरिफ का झटका

अमेरिका भारत से हर साल लगभग 87 अरब डॉलर का सामान आयात करता है और केवल 41 अरब डॉलर का निर्यात करता है।

यानी 46 अरब डॉलर का घाटा। यही 52% ट्रेड डेफिसिट बनता है। उसका आधा यानी 26% का टैरिफ भारत के प्रोडक्ट्स पर लगाया गया है।

इसका सीधा असर डायमंड इंडस्ट्री, टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मा, और IT सेक्टर पर पड़ेगा।

कोलिन शाह, डायरेक्टर, कामा ज्वेलरी: "यह टैरिफ हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा है, एक्सपोर्टर्स को बड़ा झटका लगेगा।"

दुनिया का रिएक्शन: जवाबी हमले शुरू

चीन ने 34% जवाबी टैरिफ की घोषणा की और अमेरिका की नीति को "एकतरफा धमकी" बताया।

फ्रांस ने कहा जब तक टैरिफ पर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, "अमेरिका से व्यापार बंद"।

कनाडा ने अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ लगाया।

ब्राजील की संसद ने रेसिप्रोकल बिल पास किया और WTO में केस की तैयारी की जा रही है।

ट्रेड वॉर का असर: बाज़ार धराशायी

ट्रम्प के ऐलान के बाद अमेरिकी शेयर बाजार से 5 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप उड़ गया।

जापान, भारत, फ्रांस, जर्मनी — सभी के बाज़ारों में गिरावट आई।

अमेरिकी जनता को अब इम्पोर्टेड चीज़ें महंगी मिलेंगी, जिससे महंगाई बढ़ेगी।

क्या ये फैसला पलटेंगे ट्रम्प?

राजन कुमार, JNU के इंटरनेशनल अफेयर्स एक्सपर्ट के मुताबिक:

"इस नीति से ना केवल दुनिया परेशान है, बल्कि अमेरिका की इकोनॉमी भी दीर्घकाल में चरमराएगी। ट्रम्प को जल्द ही बैकफुट पर आना पड़ सकता है।"

## ऑनलाइन गेमिंग एप्स

मुरारी गुप्ता




### अकर्मण्यता के जाल में युवा ऊर्जा

जयपुर जिले के कुणाल सिंह को कुछ सालों पहले आईपीएल देखने का चस्का लगा था। मोबाइल पर आईपीएल देखते-देखते वह इसी खेल से जुड़े ऑनलाइन गेम एप में रजिस्टर हो गया। अब क्रिकेट देखने के साथ एप पर खेलने का चस्का लगा। क्रिकेट से ज्यादा एप का शौक पैदा हुआ। कुछ पैसे खाते में आने लगे। उसका चस्का और बढ़ा। पैसा जीतने और हारने के खेल में उसने अपना घर गिरवी रख दिया। घर गिरवी रखने के बाद अब उसकी मानसिक हालात ऐसी है कि वह पागलों की तरह व्यवहार करने लगा है। आये दिन घर में पत्नी और बच्चों के साथ मार-पीट और जैसे-तैसे उधार लेकर नशा उसका रूटीन बन गया है। सड़क के ऊपर चमचमाते बोर्डों पर बड़ी खेल और फिल्म शख्सियतों की तस्वीरों के साथ दिखाए जा रहे रातों-रात अमीर होने के सपनों में देश के युवा किसी गहरी,अनजानी और अकर्मण्यता की सुनसान गली में धंसते जा रहे हैं। यह ऐसी संकरी गली है, जिसकी संकरी दीवारों पर चमचमाते ख्वाब उगे हुए हैं, मगर उनकी जड़ें उंगली भर भी नहीं है। यह लत की संकरी गली है, जिसमें वापसी का कोई रास्ता नहीं है। कई बार यह संकरी गली जीवन के बर्बाद होने और आत्महत्या के महासागर में भी मिल जाती है। तकनीक के विकास के साथ ऑनलाइन गेमिंग एप्स युवाओं के जीवन का दिलचस्प अंग बन चुके हैं। हालांकि, ये एप्स मनोरंजन और कौशल विकास के कुछ अवसर प्रदान कर सकते हैं, लेकिन इनके बढ़ते प्रभाव ने समाज में अनके तरह की चिंताएं पैदा कर दी है। ऑनलाइन सट्टेबाजी, फैंटेसी गेम्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स ने नई पीढ़ी को आर्थिक और मानसिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन्हें युवा पीढ़ी अपना भाग्य समझती है, अपना सितारा समझती है, वे सितारे ही इन गेम्स को प्रमोट करते नजर आते हैं। इनमें कुछ तो पद्मश्री प्राप्त सितारे भी हैं। बड़ी सेलिब्रिटीज और क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा इनका प्रचार किए जाने से इन गेम्स को सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। यह एक गंभीर मुद्दा है। ऑनलाइन गेमिंग एप्स का सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव युवाओं की उत्पादकता पर पड़ रहा है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि गेमिंग की लत नई पीढ़ी में एकाग्रता की कमी के साथ उनमें मानसिक तनाव और आक्रामकता को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत में लॉटरी गैर कानूनी है। देश में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट-1998 लागू है। ये एक्ट साफ तौर पर लॉटरी खेलने पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि इसमें एक छूट दे रखी है कि अगर राज्य सरकारें अपनी आधिकारिक लॉटरी चलाना चाहें, तो ऐसा कर सकती हैं। हालांकि कुछ राज्यों में अब भी लॉटरी चल रही हैं, लेकिन फैंटेसी गेम्स के नाम पर अब कई ऑनलाइन गेम्स चल रहे हैं, जिसे वैधानिक छूट भी प्राप्त है। हालांकि कुछ राज्य सरकारों ने इन फैंटेसी गेम एप्स पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। इन गेम्स को कौशल आधारित खेल बताया जाता है, जिसमें गेम खेलने वाला कथित तौर पर अपने कौशल का उपयोग कर टीम बनाता है, और गेम खेलता है। ऑनलाइन गेमिंग के साथ अंतर केवल इतना है कि यह अब डिजिटल हो गया है और बड़ी-बड़ी हस्तियां इसे प्रमोट कर रही हैं। विज्ञापनों में दिखाया जाता है कि ये गेम्स मनोरंजन और कौशल के लिए हैं, लेकिन असल में ये जुए को ही बढ़ावा देते हैं। युवाओं पर इनका गहरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे अपने आदर्शों को फॉलो करते हैं। बड़ा सवाल क्या यह है कि क्या यह नैतिक रूप से उचित है? बड़ी हस्तियों का समाज पर प्रभाव होता है। यदि वे नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। राज्य को ऑनलाइन गेमिंग एप्स को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए। गेमिंग रेगुलेशन बनाकर एक स्पष्ट कानून बनाना चाहिए जिससे इन एप्स की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। सेलिब्रिटीज को ऐसे गेम्स के प्रचार से रोका जाए। इन प्लेटफॉर्म्स पर 21 वर्ष से कम आयु के लोगों की भागीदारी पर रोक लगनी चाहिए। युवाओं को सिखाया जाए कि कैसे सही तरीके से निवेश किया जाए और आर्थिक नुकसान से बचा जाए। समाज के स्तर भी जागरूकता की आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने के उपायों पर चर्चा होनी चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग एप्स, विशेष रूप से सट्टा आधारित खेल, समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। यदि सरकार और समाज ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है। एक पूरी पीढ़ी अकर्मण्यता की शिकार हो सकती है, जिसका खामियाजा अंततः देश और समाज को होगा।

(लेखक उपन्यासकार और डीडी न्यूज में संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित

दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत् भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहां जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहां चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियां हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।'!

## चरक अनुष्ठान



*पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बंगाली कैलेंडर वर्ष के अंतिम दिन मनाए जाने वाले चरक अनुष्ठान से पहले देवी काली की पोशाक पहने एक भक्त।*

## आज की पाती

### व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही स्थिर व्यक्तित्व

आज व्यक्ति दो व्यक्तित्व का जीवन जी रहा है। एक उसका बाहरी व्यक्तित्व है जिसे उसके आसपास का वातावरण नियंत्रित करता है। यह व्यक्तित्व परिवर्तनशील है। बाहरी वातावरण के बदलने से यह भी बदल जाता है। उदाहरणत: व्यक्ति जब किसी धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण के संपर्क में आता है तो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में सात्विकता को अनुभव किया जा सकता है और जब बाहरी वातावरण भौतिकवादी होता है तो व्यक्तित्व में भी भौतिकता दृष्टिगोचर होती है। दूसरा है आंतरिक व्यक्तित्व, जो बाहरी वातावरण के कारकों से अप्रभावित रहता है। व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही उसका एक स्थिर व्यक्तित्व हो सकता है। आज हर कोई काफी कुछ होने के बावजूद असंतुष्ट है।

*- पवन यादव, बालोद*

## करंट अफेयर

### 11वें योग दिवस की वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से उलटी गिनती शुरू



न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती की औपचारिक शुरुआत हुई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने "योग दिवस में 75 दिन शेष" नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 जून को दुनिया भर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा है। बारिश भरी सोमवार की सुबह, मैनहट्टन और न्यू जर्सी के विहंगम दृश्यों के बीच यह योग सत्र 1,776 फुट ऊंची वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर स्थित 'वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी' में संपन्न हुआ। भारत के वाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लगभग एक घंटे का योग सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिनों की उलटी गिनती के उत्सव का प्रतीक है। 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक रुचिका लाल ने इस विशेष सत्र का नेतृत्व किया जिसमें उप वाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, छात्र और योग प्रेमी शामिल हुए। भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल से बिनय प्रधान ने आत्मिक योग सत्र के साथ उलटी गिनती की शुरुआत की।'

## ऑफ बीट

### विलुप्त प्रजाति 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते भेडिये मिले



विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ' से मिलते–जुलते, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित तीन भेड़िये अमेरिका में एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। यह जानकारी लुप्त प्रजातियों को वापस लाने के लिए काम कर रही कंपनी ने दी। 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के शोधकर्ताओं ने बताया कि भेड़ियों के इन शावकों की उम्र तीन से छह महीने के बीच है, इनके लंबे एवं सफेद बाल हैं, मांसल जबड़े हैं और इनका वजन लगभग 80 पाउंड है जो उनके वयस्क होने पर 140 पाउंड तक पहुंच जाएगा। 'डायर वुल्फ' 10,000 वर्ष से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे।स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने कहा कि इस नवीनतम प्रयास का अर्थ यह नहीं है कि निकट भविष्य में 'डायर वुल्फ' उत्तर अमेरिका के घास के मैदानों में फिर से नजर आएंगे। बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच ने कहा कि 'अब आप बस इतना ही कर सकते हैं कि किसी जीव को सतही तौर पर किसी और जीव जैसा बना दें'', लेकिन विलुप्त प्रजातियों को पूरी तरह से पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। लिंच इस शोध में शामिल नहीं थे। वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों से प्राचीन डीएनए की जांच करके 'डायर वुल्फ' के विशिष्ट लक्षणों के बारे में पता लगाया।

## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी सुधार किए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईपीएफओ ने अपने सदस्यों के लिए जीवन को और आसान बनाने के लिए पिछले एक साल में कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं। इन सुधारों के कारण दावों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

- मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### इजराइली बंधकों का दर्द सुना



मैं फिर से इजरायली बंधकों के रिश्तेदारों से मिला और उनका सुना। मैंने उनके क्रूर अपहरण और भयानक व्यवहार के लिए हमास की निंदा की। मैंने सभी बंधकों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने के अपने आह्वान को दोहराया।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### भाजपा की सत्ता की प्यास



भाजपा की सत्ता की प्यास के आगे कोई प्यास महत्व नहीं रखती है। हृदयहीन भाजपा को मन में दयाभाव रखने वाले लोग पसंद नहीं हैं, इसीलिए जिस कर्मचारी ने प्यासे जानवरों को पानी पिलाया, उसी को भाजपा सरकार ने निलंबित कर दिया।

-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

### मुंबई कभी नहीं सोता



अभी भी हम मुंबई में एक ऐसा शहर पा सकते हैं जो कभी नहीं सोता और बड़े सपने देखता है, अजनबी जो आपकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, देश का सबसे बढ़िया खाना, एक ऐसा समुद्र जो आपकी उथल-पुथल को शांत कर देगा।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

रॉयल पत्रिका

# गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल आफ नर्सिंग उदयपुर में वर्ल्ड हेल्थ डे का आयोजन

उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल आफ नर्सिंग उदयपुर में वर्ल्ड हेल्थ डे 2025 का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ डीन प्रोफेसर (डॉ.) विजया अजमेरा गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ़ नर्सिंग द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ.) योगेश्वर पुरी गोस्वामी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर प्रोफेसर कमलेश जोशी, एकेडमिक इंचार्ज प्रोफेसर जयेश पाटीदार समस्त विभाग अध्यक्ष, फैकल्टी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



सभी विभागों द्वारा विश्व स्वस्थ्य दिवस के उपलक्ष में विशेषज्ञ सत्र, एक्सटेम्पोर स्पीच, प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन आदि का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ सत्र इंद्रजीत सिंह शक्तावत विभागाध्यक्ष बाल स्वास्थ्य नर्सिंग, नरेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर गायनेकोलॉजी नर्सिंग, पियूष कुमार जैन विभागाध्यक्ष मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग, हरेंद्र गहलोत असोसिएट प्रॉफेसर मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग, नरेश साल्वी असिस्टेंट प्रोफेसर सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में डीन प्रोफेसर (डॉ.) विजया अजमेरा ने छात्रों को हेल्दी बिगनिंग के लिए सकारात्मक एवं स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित किया एवं कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं प्रोफेसर (डॉ.) योगेश्वर पुरी गोस्वामी ने हेल्थी लाइफस्टाइल के लिया ऊर्जा के संचरण के सही इस्तेमाल पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा कविता गांव में रैली एवं अवेयरनेस कैंपेन के द्वारा हेल्थी लाइफस्टाइल के लिए लोगों को जागरूक किया।

अंत में समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम हेतल दरजी ,द्वितीय सुहानी पाटीदार, पोस्टर प्रेजेंटेशन में कनिष्का जोशी प्रथम एवं कोमल रावल द्वितीय, एक्सटेम्पोर में शीतल प्रथम एवं अनामिका मीणा द्वितीय एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ग्रुप बी हितांश, महेंद्र, देवेंद्र एवं द्वितीय ग्रुप इ विकास, सचिन, मुकुल आदि छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

मंच संचालन हरिबाला पालीवाल असोसिएट प्रॉफेसर एवं विपिन तंवर असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा किया गया।

# राजसी ठाठबाट और लावलश्कर के साथ शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

बारां, (रॉयल पत्रिका)। बारां जिले की स्थापना की 35वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय बारां महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंण्डबाजों की धुन पर राजसी ठाठबाट और ऊंट-घोड़ों के लावलश्कर के साथ निकली शोभायात्रा में जिले की गौरवशाली संस्कृति साकार हो उठी। शोभायात्रा में जिले की वैभवमयी परम्पराओं का संगम झलका। शोभायात्रा जिले की सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक समरसता से सरोबार रही। पारंपरिक वेशभूषा, लोक कलाओं और विविध झांकियों ने इस आयोजन को अनूठा बना दिया। रंगबिरंगी पगड़ियों में शामिल लोगों से शोभायात्रा की छटा देखते बन रही थी।



**आरती और तोप की गूंज के साथ हुई शुरूआत**

शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे शहर के ऐतिहासिक प्यारेरामजी मंदिर से हुआ। जहां भगवान अनन्तनारायण की विशेष पूजा-अर्चना व तोप दागकर परंपरागत रूप से यात्रा की शुरूआत की गई। इससे पूर्व वरिष्ठजनों सहित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों व आमजन का साफा बंधन किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कविता पाठ का आयोजन किया गया।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से बढ़ी शोभा**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बारां-अटरू विधायक राधेश्याम बैरवा, छबड़ा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी, समाजसेवी नरेश सिंह सिकरवार, पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन तथा आनंद गर्ग सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, विभिन्न संगठनों के मुखिया व गणमान्यजन शामिल रहे। इनकी सहभागिता ने आयोजन को भव्यता और गरिमा प्रदान की।

**जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत**

शोभायात्रा धर्मादा चौराहा, प्रताप चौक, श्रीराम स्टेडियम, चारमूर्ति चौराहा होते हुए खेल संकुल मैदान तक पहुंची। मार्ग में विभिन्न संगठनों, व्यापारियों व आमजन ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा, माल्यार्पण, आतिशबाज़ी, लस्सी, कोल्ड ड्रिंक आदि से जगह-जगह उत्साह और गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायकों, जनप्रतिनिधियों व जिला कलक्टर का पुष्पहारों से आत्मीय अभिनंदन किया। शोभायात्रा को देखने के लिए पूरे मार्ग पर आमजन की भीड़ लगी रही।

**संस्कृति और लोक कलाओं की झलकियां**

शोभायात्रा में राजस्थानी लोक संस्कृति की विविधता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें 11 घुड़सवारों की अश्ववाहिनी, कच्छी घोड़ी, चकरी नृत्य, सहरिया स्वांग अखाड़े, डोल-नगाड़े, शहनाई वादन, रावण-जटायू युद्ध, प्रेतों की टोली, बॉडी बिल्डिंग का प्रदर्शन बेहद रोचक रहा वहीं पुलिस और बोहरा समाज का फखरी स्काउट बैंड पूरे मार्ग में स्वरलहरियां बिखेरता चला। बोहरा समाज व सिख समाज के सदस्य भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

**झांकियों और छात्रों की भागीदारी ने बढ़ाई शोभा**

सेवा भारती, गणगौर मित्र मंडली, समाज कल्याण विभाग की झांकियां दिव्यांगजनों की प्रेरणादायक कहानियों को उजागर कर रही थीं। मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, एएनएम सेंटर सहित सैंकड़ों छात्र-छात्राओं और सहरिया छात्रावास के बच्चों ने प्रस्तुतियों से सभी को अभिभूत कर दिया।

# जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के संबंध में मीटिंग का हुआ आयोजन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा लंबित बाल पीड़ित प्रतिकर के संबंध में की गई अनुशंसाओ, प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किए जाने हेतु जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ बैठक के आयोजन हेतु प्राप्त निर्देशों की पालना में बुधवार को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।




बैठक में रूबी अंसार (प्रतिनिधि) अति. जिला कलक्टर सवाई माधोपुर, ओमप्रकाश मीना अति. पुलिस अधीक्षक विशेष महिला अपराध अनुसंधान इकाई तथा श्वेता गर्ग अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सवाई माधोपुर उपस्थित रहे। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को किशोर न्याय समिति, राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मीटिंग में वर्तमान में लंबित बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया, साथ ही वर्ष 2019 से 2025 तक के बाल पीड़ितों के मामलों के संबंध में दर्ज कराई गई एफआईआर में पात्र बाल पीड़ितों को प्रतिकर दिलाए जाने के संबंध में अनुशंसा कर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

ओमप्रकाश मीना अति. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पोक्सो प्रकरण की अप्रैल माह में 2 एफआईआर दर्ज हुई है, जिसमें से उनके स्तर पर एक भी एफआईआर लंबित नहीं है। सभी एफआईआर नोडल ऑफिसर (अति. जिला कलेक्टर) सवाई माधोपुर को प्रेषित की जा चुकी है। श्वेता गर्ग अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने बताया कि गत मीटिंग के बाद से उनके द्वारा उनके द्वारा 4 एफआईआर में 5 आवेदन पीड़ित प्रतिकर योजना के अन्तर्गत अनुशंसा हेतु अति. जिला कलेक्टर को प्रेषित किये गये है तथा गत मीटिंग के बाद से एक एफआईआर पीड़ित प्रतिकर योग्य नहीं पाई गई। वर्ष 2019 से 2023 तक पोक्सो प्रकरणों की लंबित 471 एफआईआर में से 284 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है तथा अब 187 एफआईआर वर्तमान में लंबित है। वर्ष 2024 एवं 2025 की एफआईआर में भी त्वरित कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2025 की गत मीटिंग के बाद से 4 एफआईआर में कार्यवाही की जा रही है।

सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को बालश्रम, पोक्सो एक्ट एवं बाल अपराधों के संबंध में वर्तमान में दर्ज की जाने वाली एफआईआर की एक प्रति तथा प्रकरणों में पीडित अथवा उसके आश्रित की ओर से आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में अविलम्ब आवेदन मय दस्तावेज कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किए जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए।

# डॉ. जितेंद्र कुमार बने बीडीके अस्पताल के पीएमओ

झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बीडीके जिला अस्पताल के पीएमओ का कार्यभार डॉ. जितेंद्र कुमार को सौंपा गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव निशा मीना ने बुधवार को यह आदेश जारी किए हैं। डॉ. जितेंद्र कुमार ने आदेश की अनुपालना में कार्यग्रहण कर लिया है। अपने पिता सुलतान सिंह भाम्बू का आशीर्वाद प्राप्त कर उन्होंने कार्यग्रहण किया।



गौरतलब है कि डॉ. जितेन्द्र कुमार किसान परिवार व ग्रामीण परिवेश से आते हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा अपने ही गांव अलीपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में हुई। तथा उच्च माध्यमिक शिक्षा शहीद कर्नल जेपी जानू उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनूं में हुई।

चिकित्सकीय कोर्स जीएमकेएमसी, सेलम में हुई। शिशु रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई आरएनटी चिकित्सा महाविद्यालय, उदयपुर से पूर्ण हुई।

**इसलिए मिली जिम्मेदारी:-**

डॉ. जितेन्द्र कुमार लंबे समय तक प्रशासनिक कार्यों से जुड़े रहे हैं। निशुल्क दवा योजना, सांस कार्यक्रम जागरूकता, टीकाकरण कार्यक्रम, डेंगू नियंत्रण में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि अस्पताल में मरीजों को सुविधाओं को पूरा लाभ मिल सके, मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। अंतिम छोर के व्यक्ति को भी लाभ मिले, इसका पूरा प्रयास किया जाएगा। अस्पताल स्टाफ ने इस मौके पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**ऊंटगाड़ी वाले का बेटा बना जिले के सबसे बड़े अस्पताल का पीएमओ:-**

बचपन में गरीबी और संघर्ष का सामना करने वाले डॉ. जितेंद्र कुमार के पिताजी सुल्तान सिंह भांबू ऊंटगाड़ी चलाकर परिवार का गुजर बसर करते थे। अलीपुर निवासी सुलतान सिंह भाम्बू ने बताया कि एक ऊंटगाड़ी वाले के बेटे का जिले के सबसे बड़े अस्पताल का पीएमओ बनने पर वे गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आमजन की सेवा करने का आशीर्वाद भी दिया।

# गर्भवतियों की सेहत की गारंटी बनी 'मां वाउचर योजना'

## -राज्य सरकार की अभिनव पहल से निशुल्क सोनोग्राफी अब हर महिला के लिए सुलभ

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 17 सितंबर, 2024 को प्रारंभ की गई मां वाउचर योजना प्रदेश की गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से राज्य की प्रत्येक गर्भवती महिला को गर्भकाल की दूसरी या तीसरी तिमाही में निशुल्क सोनोग्राफी जांच की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी उपलब्ध करवा कर, मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। समय पर सोनोग्राफी से किसी भी संभावित जटिलता का समय रहते पता लगाकर उसका उपचार किया जा कर जच्चा बच्चा को स्वस्थ रखा जा सके।

इस योजना के अंतर्गत जिले के सभी निजी सोनोग्राफी केंद्रों को योजना से जोड़ा गया है, जिससे गर्भवती महिलाएं अपने क्षेत्र के पास ही पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्र पर जाकर जांच करवा सकें। प्रत्येक सोनोग्राफी के लिए 450 की राशि सोनोग्राफी केंद्र को राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।

योजना की विशेषता यह है कि पीसीटीएस, पीसीपीएनडीटी इम्पैक्ट और ओजस जैसे विभागीय पोर्टलों को आपस में इंटीग्रेट कर ऑनलाइन कूपन जनरेशन सिस्टम विकसित किया गया है। इसके माध्यम से पीसीटीएस पर पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को क्यूआर कोड युक्त कूपन उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाता है, जो 30 दिन तक वैध रहता है। इस वाउचर का उपयोग राज्य के किसी भी जिले में अधिकृत निजी सोनोग्राफी केंद्र पर किया जा सकता है। इसके साथ ही क्षेत्रों में नजदीकी राजकीय अथवा अधिकृत निजी सोनोग्राफी केन्द्र की दूरी 20-25 किमी. से अधिक होने पर इन चिकित्सा संस्थानों पर राज्य में संचालित 104 ममता एक्सप्रेस वाहनों का उपयोग (4-5 गर्भवती महिलाऐं प्रति वाहन) करते हुए जिले अथवा निकटवर्ती जिले में नजदीकी अधिकृत निजी सोनोग्राफी केन्द्र पर प्रातः लगभग 11 बजे प्रस्थान कर सोनोग्राफी करवाते हुए अधिकतम अपरान्ह 3 से 4 बजे तक पुनः इसी चिकित्सा संस्थान पर लाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान 9,18,27 को वितरित किये जाते हैं निशुल्क सोनोग्राफी वाउचर

निशुल्क सोनोग्राफी के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को गर्भवतियों की जांच के साथ आवश्यकतानुसार मां वाउचर योजना के कूपन वितरित किये जाते हैं। पीएमएसएमए में स्वास्थ्य संस्थानों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा गर्भवतियों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच, आवश्यक पैथोलॉजिकल टेस्ट, सोनोग्राफी, तथा निशुल्क दवाओं का वितरण किया जा रहा है।

इस अवसर पर डॉक्टरों द्वारा गर्भवतियों को पोषण युक्त आहार, स्वच्छता, तनावमुक्त जीवनशैली एवं नियमित जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी जटिलता की स्थिति में उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर की व्यवस्था भी की गई।

सीएमएचओ ने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने परिवार की गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन 9, 18 एवं 27 तारीख को अवश्य लेकर आएं और मां वाउचर योजना का लाभ उठाकर समय पर जांच कराएं, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाई जा सके। राज्य सरकार की यह पहल मातृत्व सुरक्षा को सुनिश्चित कर, 'सशक्त नारी-सशक्त राजस्थान' के संकल्प को साकार कर रही है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम द्वारा जिला कारागृह सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई।



सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित बंदीजन से जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं, कानूनी प्रतिनिधित्व हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, उनके संबंधित मुकदमों की ताजा अपडेट आदि के बारे में पूछताछ की गई, साथ ही उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 84 बंदी उपस्थित पाये गए। दौराने निरीक्षण कुछ बंदियों को अपने मुकदमों की पैरवी हेतु नियुक्त अधिवक्ता का नाम पता नहीं होना पाया गया, साथ ही ई कियोस्क खराब पाया गया। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा जेलर महावीर प्रसाद मीना को बंदियों को उनके अधिवक्ता एवं उनके मुकदमों की ताजा अपडेट के बारे में सूचित करने एवं ई कियोस्क को सही करवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की गई एवं उपस्थित बंदीजन को बंदियो एवं विधि से संघर्षरत किशोरों के कल्याण की योजना, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, नालसा पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल (न्याय रक्षक) राधेश्याम जोगी, डॉक्टर मनोज गर्ग, कंपाउंडर अशोक मीना, अधिकार मित्र रणवीर चौधरी एवं जेल स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

# बारां महोत्सव में आज बच्चों की प्रतियोगिताएं, ध्यान योग शिविर, महाआरती व दंगल

बारां, (रॉयल पत्रिका)। बारां महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को सुबह 6 बजे पब्लिक पार्क, कोटा रोड में ध्यान-योग शिविर तथा प्रातः 6 बजे खेल संकुल में रैपलिंग एवं हॉट एयर बलून शो आयोजित होंगे, जबकि सुबह 8 बजे श्री कल्याण राय मंदिर में महाआरती होगी। प्रातः 10 बजे बंकट व्यायामशाला में पारंपरिक दंगल कुश्ती मुकाबले होंगे। दोपहर 12 बजे संस्था धर्मादा धर्मशाला के हॉल में 3 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

शाम 6:30 बजे श्रीराम स्टेडियम में मलखंब प्रदर्शन, 7 बजे इलेक्ट्रिक फायर शो और 7:30 बजे से सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यात गायक प्रकाश माली अपनी मनमोहक आवाज से भजनों की श्रंखला पेश करेंगे। यह कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा।

# झुंझुनू जिला कलेक्टर ने हीट वेव से निपटने के लिए दिए सतर्कता के निर्देश

झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। जिले में बढ़ती गर्मी और संभावित लू (हीट वेव) के खतरे को देखते हुए जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि हीट वेव से बचाव के लिए पूर्व तैयारी बेहद जरूरी है और इसके लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं।

कलेक्टर मीणा ने आमजन को लू से बचाव को लेकर जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रेडियो, टीवी, समाचार पत्र और मोबाइल ऐप के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें और पर्याप्त मात्रा में पानी व घरेलू पेय पदार्थों का सेवन करें। गर्मी के मौसम में हल्के रंग के ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। साथ ही बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढकने तथा आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा और त्वचा के लिए सनस्क्रीन के प्रयोग की अपील की गई है।

नियोक्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यस्थलों पर ठंडे पानी, ओआरएस, छाया और प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था रखें। वहीं श्रमिकों से दिन के अधिक गर्म समय में श्रम न करवाने की सलाह दी गई है। दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचें और ऐसे समय में भारी कार्य न करें।

पशुपालकों के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं कि मवेशियों को छाया में रखें, उन्हें साफ और ठंडा पानी दें, और दिन के सबसे गर्म समय में काम न लें। पशु शेड की छत को सफेद रंग या गोबर से लीपने की सलाह दी गई है ताकि तापमान कम किया जा सके।

यदि कोई व्यक्ति लू से प्रभावित होता है तो उसके सिर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें, ओआरएस या नींबू-पानी पिलाएं और स्थिति गंभीर होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या 100 नंबर पर संपर्क करें।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन दिशा-निर्देशों का पालन करें और गर्मी के इस मौसम में सतर्कता बरतते हुए सुरक्षित रहें।

# परिंडा अभियान के गायन का जिला कलक्टर एल एन मंत्री ने किया विमोचन

पाली,(रॉयल पत्रिका)। पाली के परिंदों के लिए परिंडा अभियान को आमजन को जागृत करने के लिए अशोक चौहान अध्यापक के द्वारा रचित गायन को बुधवार को जिला कलक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री द्वारा विमोचन किया गया।

उन्होंने कहा कि आमजन को पर्यावरण एवं प्राकृतिक एवं परिंदों के प्रति संवेदनशील बना कर जागृत किया जाए क्योंकि इस गर्मी के दिनों में परिंदों को पानी की बहुत ही किल्लत होती है ताकि ज्यादा से ज्यादा आमजन को जाकर कर लुप्त हो रहे परिंदों को संरक्षण प्रदान किया जा सके एवं तपती गर्मी में इनको पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़े।

सहायक निदेशक सोहनलाल भाटी ने बताया कि जैसा की विदित है कि जिला कलेक्टर इस परिंडा अभियान के मार्ग पर पाली जिले में 40000 परिंडे लगाने का कार्य 7 अप्रैल 2025 से प्रारंभ कर दिया गया है एवं आने वाले दिनों में इस लक्ष्य को जल्दी किया जाएगा। जिला कलेक्टर के इस अभियान को सामाजिक संस्थाएं एवं पाली जिले के समाजसेवी का भी पुरजोर समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग आश्विन के पंवार मौजूद रहे।

# जिला स्थापना दिवस पर महिलाओं की खेल प्रतियोगिता में जोश और उमंग



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिले के 35वें स्थापना दिवस समारोह की श्रंखला के अंतर्गत बुधवार को प्रातः खेल संकुल मैदान में महिलाओं की खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिताओं में रस्सा-कसी, मटका दौड़ एवं म्यूजिकल चेयर रैस जैसी पारंपरिक खेल गतिविधियों में महिलाओं ने खासा उत्साह दिखाया।

कार्यक्रम में विधायक राधेश्याम बैरवा एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सौ से अधिक महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया।

खेलों के संचालन में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुनील शर्मा, ऋचा वर्मा, सपना अवस्थी, दीप्ति मदान एवं कुशल प्रजापति ने सक्रिय भूमिका निभाई।

विजेता प्रतिभागी इस प्रकार रहे - मटका दौड़ में प्रथम ममता गुर्जर, द्वितीय मनीषा वैष्णव, तृतीय रामसिया मीणा, म्यूजिकल चेयर रैस में प्रथम रामसिया, द्वितीय दुर्गा बाई, तृतीय ममता मंगल रहे। रस्सा-कसी में काजल, सोमवती, पूजा, निशा, जसकौर मीणा, किरण व सुनीता की टीम विजेता रही।

इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त अनिल चौधरी, एसीईओ हरीशचंद मीणा, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सतीश परिहार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागी, बालिकाएं एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महिलाओं की उमंग के साथ भागीदारी रही।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हनुमानगढ़ में की जनसुनवाई



हनुमानगढ़(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने हनुमानगढ़ एवं श्रीगंगानगर जिले के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन मंगलवार को हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की।


शर्मा ने आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनापूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को उनके उचित निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का मुख्यमंत्री द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया।

**मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ ली चाय की चुस्कियां—**

इससे पहले शर्मा ने अपने व्यस्त दौरे के बीच हनुमानगढ़ में टाउन रोड़ स्थित एक थड़ी पर रूककर चाय पी तथा यूपीआई से भुगतान किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बात की तथा बच्चों को पास बुलाकर दुलार किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने इस दौरान रास्ते में अपना काफिला रूकवाकर सफाई कार्मिकों के साथ भी आत्मीयता से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी।

## आईआईएफएल फाईनेंस द्वारा बॉन्ड्स जारी करके 500 करोड़ रुपये किए जाएंगे एकत्रित

मुंबई, एजेंसी। अग्रणी नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी, आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड द्वारा 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के कूपन के साथ बॉन्ड्स के पब्लिक इश्यू द्वारा 500 करोड़ रुपये एकत्रित किए जाएंगे। एकत्रित किए गए फंड का उपयोग आगे ऋण देने, फाईनेंसिंग एवं सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इन एनसीडीज़ को क्राईसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्राईसिल एए/स्टेबल रेटिंग और आईसीआरए लिमिटेड द्वारा आईसीआरए एए स्टेबल रेटिंग दी गई है। इन रेटिंग्स के डिबेंचर्स को वित्तीय




दायित्वों की समय पर सर्विसिंग के लिए काफी ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। इस तरह के डिबेंचर्स का क्रेडिट रिस्क काफी कम होता है। ये इश्यू सोमवार 7 अप्रैल, 2025 से मिलना शुरू होंगे और बुधवार, 23 अप्रैल, 2025 तक मिलेंगे। आईआईएफएल फाईनेंस द्वारा 100 करोड़ रुपये तक के एनसीडी जारी किए जाएंगे। इनके साथ 400 करोड़ रुपये तक का ओवर-सब्सक्रिप्शन रखने का विकल्प होगा। ये दोनों मिलाकर 500 करोड़ रुपये तक हो जाएंगे। सीरीज़ प्प् के अंतर्गत एनसीडी 60 महीने की अवधि के लिए 10.24 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वोच्च प्रभावी यील्ड प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 15 महीने, 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान की फ्रीक्वेंसी मासिक, वार्षिक और संचयी आधार पर होती है। विवरण के लिए आईआईएफएल.कॉम पर क्लिक करें।

## राजेश उन्नी को मिला भारत का सर्वोच्च मैरीटाइम सम्मान

मुंबई, एजेंसी। सिनर्जी मरीन ग्रुप के संस्थापक कैप्टन राजेश उन्नी को 5 अप्रैल, 2025 को आयोजित 62वें नैशनल मैरीटाइम डे समारोह के दौरान भारत सरकार द्वारा नैशनल मैरीटाइमवरुना पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।यह समुद्री क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान है ।यह पुरस्कार मुंबई में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शिपिंग महानिदेशक और नैशनल मैरीटाइम डे समारोह (सेंट्रल) समिति के चेयरमैन श्री श्याम जगन्नाथन( आईएएसअधिकारी) द्वारा भारत की समृद्ध और स्थायी समुद्री विरासत के सम्मान में आयोजित आधिकारिक समारोह के दौरान प्रदान किया गया। नैशनलमैरीटाइम वरुना पुरस्कार देश के समुद्री परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार प्रदान करने वाले निरंतरऔर असाधारण योगदान को मान्यता देता है। पूरी विनम्रता के साथ पुरस्कार स्वीकार करते हुएकैप्टन उन्नी ने अपनी यात्रा को याद किया और पूरी समुद्री बिरादरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ''यह सम्मान सिर्फ एक व्यक्ति के काम को नहीं दर्शाताबल्कि हर नाविक, सहकर्मी और मार्गदर्शक की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिन्होंने मेरे साथ इस सफर में कदम रखा है। मुझे शिपिंग उद्योग की सेवा करने का जो अवसर मिला, उसके लिए बहुत आभारी हूं, यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसने मुझे सब कुछ दिया : अवसर, आजीवन सीखने का मौका और दूसरों के जीवन में सार्थक योगदान देने का अवसर ।यदि यह पुरस्कार कुछ युवाओं को समुद्री जीवन पर विचार करने के लिए प्रेरित करता हैया हमें याद दिलाता है कि जब हम साथ मिलकर काम करते हैं।

# बाजार में बड़ी गिरावट के हर बार चमका है सोना

नई दिल्ली, एजेंसी। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली से सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 1,550 रुपये सस्ता होकर 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। चांदी की कीमत में भी 3,000 रुपये की भारी गिरावट रही और यह 93,000 के नीचे 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई थी। शेयर बाजार और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में घबराहट के कारण मुनाफावसूली से कीमती धातुओं पर बढ़ा दबाव-92,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे पहुंचा सोना

सराफा कारोबारियों का कहना है कि आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की भारी बिकवाली से सोने की कीमतों में गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) सौमिल गांधी ने कहा, शेयर बाजार और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में घबराहट के कारण बिकवाली जारी रहने से सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 10.16 डॉलर गिरकर 3,027.20 डॉलर प्रति औंस रहा।

**चांदी पांच सत्र में 10,500 रुपये सस्ती-** चांदी की

### घबराहट के कारण बिकवाली, कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा




कीमतों में लगातार पांच कारोबारी सत्रों से गिरावट जारी है। इस दौरान चांदी 10,500 रुपये सस्ता होकर एक लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गई। वहीं, सोना पिछले दो कारोबारी सत्रों में 2,900 रुपये सस्ता हुआ है।

### बाजार में बड़ी गिरावट के हर बार चमका है सोना

दुनियाभर के बाजारों में जब-जब बड़ी गिरावट आई है, सोने ने हर बार निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। 2008 में वैश्विक मंदी के दौरान एसएंडपी-500 में 57.69 फीसदी की गिरावट आई थी, जबकि सोना 39.56 फीसदी उछल गया था। डॉट कॉम बबल के कारण जब शेयर बाजारों में गिरावट आई थी, जब एसएंडपी-500 49.20 फीसदी गिर गया था, जबकि सोने की कीमतें 21.65 फीसदी बढ़ गई थीं। 2020 में कोविड के दौरान शेयर बाजार 35.71 फीसदी टूट गए थे, जबकि सोने ने 32.48 फीसदी रिटर्न दिया था। मौजूदा टैरिफ वार के बीच एसएंडपी-500 में 21.87 फीसदी की गिरावट देखी गई है, जबकि सोने में 21.15 फीसदी की तेजी आई है।

### पांच सप्ताह की बड़ी गिरावट

व्यापार युद्ध बढ़ने और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका के बीच रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 38 पैसे गिरकर 85.82 पर बंद हुआ। यह रुपये में पांच सप्ताह की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट है।

## रक्षा मंत्रालय से मिला कंपनी को 2210 करोड़ रुपये का काम, शेयरों पर टूट पड़े निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में आज 2 कारोबारी दिन के बाद तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव मंगलवार की सुबह 5 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। इस तेजी के पीछे की वजह रक्षा मंत्रालय से कंपनी को 2210 करोड़ रुपये का नया काम मिला है।

**इंडियन एयरफोर्स के लिए प्रोडक्ट बनाएगी कंपनी-** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि उन्हें 2210 करोड़ रुपये (टैक्स को छोड़कर) का काम रक्षा मंत्रालय से मिला है।

**कंपनी के पास कई बड़े ऑर्डर-** इससे पहले कंपनी ने 2 अप्रैल को इंडियन एयर फोर्स के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। तब कंपनी को आकाश मिसाइल की मेंटेनेंस सर्विसेज का काम मिला था। मार्च के महीने में कंपनी को इंडियन एयरफोर्स से ही अश्विनी राडार के लिए 2463 करोड़ रुपये का काम मिला था। बता दें,

# 135 अरब गंवाकर घुटनों पर आए एलन मस्क

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में हाल में काफी गिरावट आई। सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी के बावजूद टेस्ला के शेयरों में गिरावट आई। इससे मस्क की नेटवर्थ में भी 4.39 अरब डॉलर की गिरावट आई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 135 अरब डॉलर की गिरावट आई है। अब उनकी नेटवर्थ 298 अरब डॉलर रह गई है। इस बीच वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मस्क ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलकर नए टैरिफ को वापस लेने की गुहार लगाई है। ट्रंप ने हाल में करीब 60 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इतना ही नहीं सोमवार को उन्होंने चीन से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत अतिरक्त टैरिफ लगाने की भी धमकी दे दी। इस तरह चीनी सामान पर कुल टैरिफ बढ़कर 104 फीसदी हो जाएगा।

### दुनिया के सबसे बड़े रईस ने डोनाल्ड ट्रंप से की पर्सनल अपील!

रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने सोशल मीडिया पर ट्रंप के टैरिफ का विरोध किया और साथ ही सीधे राष्ट्रपति को प्रभावित करने की कोशिश की। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि मस्क ने ट्रंप से बात की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि मस्क की कोशिश नाकाम रही। सूत्रों का कहना है कि ट्रंप ने बातचीत के लिए थोड़ा खुलापन दिखाया, लेकिन फिर भी अपनी योजनाओं पर टिके रहे। उन्होंने पिछले हफ्ते करीब 60 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। चीन पर 34 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था।

यह पहली बार नहीं है जब मस्क और ट्रंप ट्रेड को लेकर आमने-सामने हैं। साल 2020 में भी टेस्ला ने ट्रंप प्रशासन के टैरिफ को चुनौती देने के लिए मुकदमा दायर



किया था। शुरुआत में मस्क ने इस कदम का समर्थन किया था लेकिन बाद में वह उसके खिलाफ हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फैसले के बाद अपने कर्मचारियों को डांटा था। इस मुकदमे की वजह से मस्क की काफी आलोचना हुई थी। लोगों का कहना था कि मस्क बीजिंग के साथ ज्यादा दोस्ताना हैं और ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति को कमजोर कर रहे हैं। नए टैरिफ से मस्क के कई सहयोगी परेशान हैं। कुछ ने ट्रंप के अधिकारियों से भी अपील की है।

# ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से 2024-25 में बिकीं 2.61 करोड़ से अधिक गाड़ियां

नई दिल्ली, एजेंसी। यात्री और दोपहिया वाहन श्रेणी में ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश के खुदरा बाजारों में बीते वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 2.61 करोड़ से ज्यादा गाड़ियां बिक गईं। यह 2023-24 में बिके कुल 2,45,58,437 वाहनों की तुलना में 6 फीसदी अधिक है।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को कहा, 2024-25 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि देखी गई। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर के पंजीकरण में गिरावट रही। संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2023-24 के 39,60,602 की तुलना में बीते वित्त वर्ष पांच फीसदी बढ़कर 41,53,432 इकाई पहुंच गई।

**दोपहिया वाहनों की बिक्री में 8 फीसदी का उछाल-** दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 2024-25 में सालाना आधार पर 8 फीसदी बढ़कर 1,88,77,812 इकाई पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री पांच फीसदी बढ़कर 12,20,981 इकाई

### छह फीसदी की वृद्धि




हो गई। हालांकि, ट्रैक्टर की बिक्री एक फीसदी घटकर 8,92,410 इकाई रह गई। फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने कहा, 2024-25 वास्तव में खुदरा वाहन क्षेत्र के लिए लचीला रहा।

### यूरोपीय संघ ने भारत से कार आयात पर की टैरिफ खत्म करने की मांग

उधर, यूरोपीय संघ ने भारत के साथ लंबित व्यापार समझौते के तहत कार आयात पर टैरिफ समाप्त करने की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि मोदी सरकार वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए अपने वर्तमान प्रस्ताव को और अधिक सरल बनाने को तैयार है। कुछ सप्ताह पहले अमेरिका ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों सहित कारों पर आयात शुल्क समाप्त करने की मांग की थी, जिससे घरेलू कार निर्माताओं पर दबाव बढ़ गया है। वाहन उद्योग और सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारत टैरिफ को 100 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने के लिए तैयार है। ऐसा तब है जब भारत के ऑटो उद्योग ने सीमित संख्या में पेट्रोल कारों पर टैरिफ को तत्काल 100 फीसदी से घटाकर 70 फीसदी करने और फिर चरणबद्ध तरीके से 30 फीसदी तक कटौती करने का प्रस्ताव दिया है। ईवी के मामले में, कार निर्माता चाहते हैं कि 2029 तक टैरिफ में कोई कटौती न की जाए और उसके बाद सीमित आयात पर चरणबद्ध तरीके से 30 फीसदी तक कटौती की जाए।

## फ़ैबटेक टेक्नोलॉजीज़ क्लीनरूम ने केल्विन में हिस्सेदारी बढ़ाकर 51 प्रतिशत की

मुंबई। क्लीनरूम सॉल्यूशंस में विशेषज्ञता रखने वाली बीएसई लिस्टेड फ़ैबटेक टेक्नोलॉजीज़ क्लीनरूम लिमिटेड ने घोषणा की कि उसने केल्विन एयर कंडीशनिंग × वेंटिलेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (केल्विन) में अपनी हिस्सेदारी एक-तिहाई से बढ़ाकर 51त्न कर दी है। इस एक्वीजीशन के साथ, केल्विन अब फ़ैक्टेक की सब्सिडियरी कंपनी बन गई है, जिससे दोनों कंपनियों के ऑपरेशंस और रिसोर्स में और मजबूती आएगी। यह कदम फ़ैबटेक की ग्रोथ स्ट्रेटेजी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्लीनरूम पर्यावरण के लिए आवश्यक हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीऐसी) क्षमताओं को मज़बूत बनाना है।

फ़ैबटेक ने 2024 में केल्विन में एक-तिहाई हिस्सेदारी एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के रूप में हासिल की थी, ताकि वह अपने पोर्टफोलियो में एचवीऐसी विशेषज्ञता को शामिल कर सके। अब इस हिस्सेदारी को 51त्न तक बढ़ाकर, फ़ैबटेक अपने हाल ही में हुए आईपीओ के दौरान घोषित स्ट्रेटेजिक एक्वीजीशन प्लांस को एक्सीक्यूट कर रही है। मुंबई स्थित केल्विन एक टर्नकी सिस्टम इंटीग्रेटर कंपनी है जो फार्मास्युटिकल, बायोटेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक और कॉमर्शियल बिल्डिंग्स जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण एचवीऐसी एप्लिकेशन के लिए जानी जाती है। केल्विन को एक सब्सिडियरी कंपनी के रूप में शामिल करने से फ़ैबटेक को केल्विन की विशेषज्ञता का पूरा लाभ मिलेगा और यह कंपनी के मुख्य क्लीनरूम व्यवसाय के साथ बेहतर तालमेल बनाएगा। केल्विन के उन्नत एचवीऐसी सॉल्यूशंस के फ़ैबटेक के अंतर्गत आने से कंपनी अब अधिक इंटीग्रेटेड और कंप्रहेंसिव क्लीनरूम एनवायरनमेंट प्रदान कर सकेगी। इससे एयर हैंडलिंग और कांटामिनेशन कंट्रोल सिस्टम फ़ैबटेक की मॉड्यूलर क्लीनरूम स्ट्रक्चर के साथ बेहतर समन्वय में होंगी। यह ग्राहकों के लिए एक संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा। फ़ैबटेक और केल्विन की मिला कर कैपेसिटी कंपनी को एक बड़े कस्टमर बेस तक पहुँचने और बड़े प्रोजेक्ट्स को लेने में मदद करेंगी।

## लॉयड ने लक्ज़ूरिया कलेक्शन किया लॉन्च, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए निर्माण क्षमता में विस्तार

मुंबई। हेवेल्स इंडिया की प्रमुख कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड लॉयड ने लक्ज़री कूलिंग सॉल्यूशन के अपने नए लाइनअप के साथ लॉयड लक्ज़ूरिया कलेक्शन लॉन्च करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को एक नया लेवल दिया है। इस विस्तार में इनोविटिव स्टनएयर की शुरुआत और पहले से लोकप्रिय स्टेलर और स्टायलस मॉडलों का विस्तार शामिल है। इसके साथ ही, लॉयड प्रीमियम एयर कंडीशनर की श्रेणी को मज़बूत कर रहा है, जो हाई-एंड प्रोडक्ट की बढ़ती मांग का नतीजा है। इसके अलावा, उपभोक्ता बढती मांग को पूरा करने और पिछले वर्ष की सफल लॉन्चिंग को आगे बढ़ाने के लिए, लॉयड ने अपने घिलोथ और श्री सिटी प्लांट की संयुक्त निर्माण क्षमता को 3 मिलियन एसी प्रति वर्ष तक बढ़ा दिया है। लॉयड लक्ज़ूरिया कलेक्शन शानदार क्राफ्टमैनशिप, इनोवेशन, एनर्जी एफिशिएंसी और बेहतरीन डिज़ाइन वाले एसी का संगम है। यह विस्तार प्रीमियम एयर कंडीशनिंग सॉल्यूशन्स की उपभोक्ताओं की बढती मांग से प्रेरित है। इस श्रेणी पर अपना ध्यान केंद्रित करके, लॉयड केवल अपेक्षाएं पूरी नहीं कर रहा, बल्कि कम्फर्ट और इनोवेशन के लेवल को भी ऊपर उठा रहा है, ऐसे ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है जो क्वालिटी, परफॉर्मेंस और स्टाइल को प्राथमिकता देते हैं।

लॉन्च के अवसर पर, हेवेल्स इंडिया लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर योगेश कुमार गुप्ता ने कहा, लॉयड हमेशा इनोवेशन के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, और पिछले साल का हमारा लाइनअप बहुत अच्छा रहा था, जिसने प्रीमियम एसी बाजार में हमारी स्थिति को मज़बूत किया। लक्ज़ूरिया कलेक्शन को लॉन्च करना इस सफलता पर आगे बढ़ने और ध्यान से तैयार किए गए कूलिंग सॉल्यूशन्स की बढ़ती मांग को पूरा करने का हमारा तरीका है। स्टनएयर, जो एआई-पावर्ड कूलिंग और वॉइस कमांड जैसी सुविधाओं के साथ आता है, हमारे पोर्टफोलियो को विशेष बनाता है।

# सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी टैब एस10 एफई सीरीज लॉन्च की, कीमत 42999 रुपये से शुरू

### नए टैब एस10एफई में इंटेलीजेंट फीचर्स के साथ मल्टीटास्किंग और क्रिएटिविटी को प्रोफेशनल तरीके से बढ़ाएं




गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी टैब एस10 एफई और गैलेक्सी टैब एस10 एफई+ लॉन्च करने की घोषणा की।

ये टैबलेट्स प्रीमियम डिजाइन के साथ गैलेक्सी इकोसिस्टम में एंट्री का एक नया और शानदार मौका देते हैं। गैलेक्सी टैब एस10 एफई+ में अब तक की सबसे बड़ी स्क्रीन और पतले बेज़ल दिए गए हैं, जिससे इसका डिस्प्ले और भी बेहतर और इमर्सिव हो जाता है। यह डिवाइस मनोरंजन, पढ़ाई और रोजमर्रा के कामों के लिए शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस देता है। सैमसंग ने इसमें स्मार्ट फीचर्स जोड़े हैं, जिससे यूजर्स अपने काम को आसानी से और ज्यादा कुशलता से कर सकते हैं।

साथ ही, इसका स्लिम डिजाइन इसे हल्का और पोर्टेबल बनाता है, ताकि आप चलते-फिरते भी अपनी क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी बनाए रख सकें। सैमसंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा, सैमसंग में, हम सभी के लिए वर्ल्ड-क्लास इनोवेशन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और नई गैलेक्सी टैब एस10एफई सीरीज इसी विजन का एक शानदार उदाहरण है। पहली बार हमारे एफई टैबलेट्स में गैलेक्सी एआई क्षमताओं को शामिल किया गया है, जिससे हम एडवांस टेक्नोलॉजी को पहले से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहे हैं। गैलेक्सी टैब एस10एफई सीरीज से यूजर्स अपनी क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी को नए स्तर पर ले जा सकेंगे, और इससे भारत के टैबलेट मार्केट में हमारी लीडरशिप और मजबूत होगी।

### दमदार परफॉर्मेंस और वर्सेटाइल डिजाइन

गैलेक्सी टैब एस10एफई सीरीज को खासतौर पर वर्क, स्टडी और एंटरटेनमेंट के लिए डिजाइन किया गया है। इसके पावरफुल अपग्रेड्स से यूजर्स आसानी से मल्टीटास्किंग कर सकते हैं और बिना किसी रुकावट के बेहतरीन गेमिंग का मजा ले सकते हैं। साथ ही, इसका नया 13स्क्क का रियर कैमरा क्लियर और शार्प फोटोज कैप्चर करता है, जिससे क्लासरूम, ऑफिस या किसी भी वर्कस्पेस में जरूरी मोमेंट्स को आसानी से कैद किया जा सकता है।

### शानदार डिस्प्ले

गैलेक्सी टैब ए सीरीज की विरासत को बरकरार रखते हुए, गैलेक्सी टैब एस10एफई+ का 13.1-इंच डिस्प्ले पतले बेजल्स के साथ आता है, जिससे देखने का अनुभव और भी ज्यादा शानदार हो जाता है। इसकी स्क्रीन पिछले मॉडल से लगभग 12 प्रतिशत बड़ी है, जिससे मूवी देखने और गेमिंग का मजा दोगुना हो जाता है। इसमें 90एच5 का रिफ्रेश रेट और 800 निट्स तक की ब्राइटनेस (एचबीएम मोड) दी गई है, जिससे आउटडोर में भी बेहतरीन विजुअल क्वालिटी मिलती है। विजन बूस्टर ऑटोमैटिक ब्राइटनेस एडजस्टमेंट करता है, जिससे हर माहौल में स्क्रीन क्लियर और ब्राइट दिखती है, साथ ही ब्लू लाइट एमिशन कम करके आंखों पर पड़ने वाले असर को भी कम किया गया है।



# शरद केलकर इस एक्टर के बने कायल

### ➢ साझा की अभिनेता की खूबियां

अभिनेता शरद केलकर ने कई नामी अभिनेताओं के साथ फिल्मों में अभिनय किया। वह अजय देवगन को काफी पसंद करते ही हैं। साथ ही एक और नामी एक्टर के कायल भी हैं।

अभिनेता शरद केलकर ने टीवी सीरियल के जरिए अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। फिल्मों में भी कई तरह के किरदार वह निभा चुके हैं। हाल ही में शरद केलकर ने ऐसे अभिनेता का जिक्र किया, जो अपने मस्तमौला अंदाज के लिए जाना जाता है लेकिन फिल्मों को लेकर उनकी टेक्निकल नॉलेज काफी अच्छी है। जानिए, कौन है वो कलाकार जिसको शरद केलकर सराह रहे हैं।

### इस एक्टर को सराहते दिखे शरद

फिल्मफेयर को दिए गए हालिया इंटरव्यू में शरद केलकर ने अपने करियर से जुड़ी कई बातें साझा कीं। इस दौरान अभिनेता ने अजय देवगन के अलावा एक चर्चित अभिनेता का भी जिक्र किया जिनको अभिनय के अलावा फिल्मों की मेकिंग की टेक्निकल नॉलेज भी काफी है। शरद कहते हैं, 'मैंने अजय देवगन के साथ फिल्म 'ताण्हाजी' में काम किया, उन्हें फिल्मों से जुड़ी अच्छी टेक्निकल नॉलेज है। ऐसे ही अक्षय कुमार भी हैं। वह सेट पर जरूर कूल नजर आते हैं लेकिन उन्हें पता होता है कि सीन में क्या चल रहा है, वह भी फिल्ममेकिंग की टेक्निकल नॉलेज रखते हैं।'

### छत्रपति शिवाजी का किरदार निभाकर हुए मशहूर

फिल्म 'ताण्हाणी' में शरद केलकर ने छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाई, इस किरदार में उन्हें काफी पसंद किया गया। साथ ही वह साउथ एक्टर प्रभाव की फिल्म 'बाहुबली' को हिंदी में डब भी कर चुके हैं। शरद की आवाज के कारण ये फिल्म हिंदी में भी खूब पसंद की गई।

नया ट्रेलर जारी

# 25 अप्रैल को री रिलीज हो रही अंदाज अपना अपना




**सलमान** खान हाल ही में सिकंदर के सिनेमाघरों में आने के बाद सुर्खियों में आए। इस बीच, उन्होंने सोशल मीडिया पर 30 साल बाद सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने आ रहा कल्ट क्लासिक फिल्म अंदाज अपना-अपना , 7 अप्रैल को फिल्म का नया ट्रेलर साझा किया है। सोमवार को सलमान खान ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर अंदाज अपना-अपना का नया ट्रेलर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, अमर प्रेम का अंदाज वापस आ गया है। अंदाज अपना अपना 25 अप्रैल 2025 को देशभर में सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। लोग इन्हें देख हंस-हंस के लोटपोट हो रहे हैं और इस फिल्म को बडे पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हैं। बता दें इस सलमान और आमिर खान की 30 साल पुरानी फिल्म 'अंदाज अपना अपना' की री रिलीज का ऐलान पहले ही हो गया था। लोग टीवी चैनलों पर इस फिल्म का खूब मजा लेते हैं। हालांकि साल 1995 में जब यह फिल्म थिएटर्स में आई थी तो इसे बढ़िया रिस्पोंस नहीं मिला था। इसके डायरेक्टर राजकुमार संतोषी हैं, जो आम तौर पर एक्शन फिल्में बनाते हैं। नए ट्रेलर ने फैंस को पुरानी यादों और उत्साह से भर दिया हैं। पोस्ट के कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा, एक्साइटे, मेरा ऑलटाइम फेवरेट। दूसरे ने लिखा, अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्म मेरा ऑलटाइम फेवरेट। कॉमेडी कैटेगरी में लीजेंड फिल्म कह सकते हैं। एक ने लिखा, बेस्ट कल्ट मूवी में से एक। एक ने लिखा, जरूर जाएंगे ये फिल्म देखने। थिएटर का मजा अलग होगा। अंदाज अपना अपना का ओरिजिनल रिलीज 4 नवंबर 1994 था। राजकुमार संतोषी निर्देशित फिल्म अंदाज अपना-अपना ने उस समय बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली, लेकिन समय के साथ, यह एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिसे इसकी मजेदार कहानी, अनोखे किरदार और वन-लाइनर्स के लिए पसंद किया गया। इस फिल्म में सलमान खान और आमिर खान ने दो प्यारे दोस्त प्रेम और अमर की भूमिका निभाई है। अंदाज अपना-अपना ने दर्शकों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना ली है। अपने मजेदार स्टोरी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर इस फिल्म में सलमान खान-आमिर खान के अलावा रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर भी हैं। परेश रावल ने इस फिल्म में डबल रोल निभाया है। शक्ति कपूर का क्राइम मास्टर गोगो ने जल्द ही दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं परेश रावल के डबल रोल ने इसमें तड़का लगाने का काम किया है।



लापता लेडीज ने जिंदगी बदल दी

## नितांशी ने जताई किरण राव-आमिर खान के साथ फिर काम करने की इच्छा

पिछली साल रिलीज हुई फिल्म लापता लेडीज को समीक्षकों और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिला। आईफा अवॉर्ड्स 2025 में भी फिल्म का जलवा रहा और इसने वहां बेस्ट फिल्म समेत 10 अवॉर्ड अपने नाम किए। इस फिल्म से नितांशी गोयल को काफी पहचान मिली, जिसके बाद फैंस ने उनके अभिनय को भी सराहा। बीते दिनों जयपुर में हुए आईफा अवॉर्ड्स में नितांशी ने अमर उजाला के साथ खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म और पर्सनल लाइफ से जुड़े कई अनुभव साझा किए।

### पहली बार आईफा का हिस्सा बनीं नितांशी

नितांशी ने इस साल पहली बार आईफा अवॉर्ड्स में हिस्सा लिया। उन्होंने इस बारे में बात करते हुए खुशी भी जाहिर की। उन्होंने कहा, मैंने आईफा हमेशा अपने परिवार के साथ टीवी पर देखा है और जब मैं इसे आज अटेंड कर रही हूं तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। खास बात यह है कि यहां हमारी फिल्म लापता लेडीज को कई कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया।

### फिल्म ने दिलाई खास पहचान

लापता लेडीज के बाद मिली पहचान और प्यार के बारे में पूछने पर नितांशी ने कहा- इस फिल्म मुझे खास पहचान मिली है। जिंदगी में बहुत खूबसूरत सा बदलाव आया है क्योंकि हर किसी को अच्छा लगता है, जब उन्हें लोगों से प्यार मिलता है। आप सबने तो मुझे पूरी टोकरी भरकर दे दी है प्यार की तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा है।

### इंडस्ट्री से मिल रहा समर्थन

लापता लेडीज के बाद इंडस्ट्री से मिले खास समर्थन के बारे में बात करते हुए नितांशी ने कहा कि उन्हें बहुत लोगों का समर्थन और प्यार मिला। इंडस्ट्री उनके साथ बहुत प्यार से व्यवहार करती है। उन्हें फिल्म की रिलीज के बाद इंडस्ट्री के कई लोगों से खूब तारीफें सुनने के लिए भी मिलीं। नितांशी ने कहा कि इंडस्ट्री से सबसे बेहतरीन सलाह उन्हें यह मिली कि वह जैसी हैं, वैसी ही रहें और उनका यह अंदाज इंडस्ट्री में काफी आगे लेकर जाएगा।



## साउथ फिल्म में डेब्यू को तैयार धीरज धूपर, बोले- मेरा पहला प्यार टेलीविजन रहेगा

टेलीविजन स्टार धीरज धूपर अपकमिंग फिल्म कलावरम के साथ तेलुगू सिनेमा में डेब्यू के लिए तैयार हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की और बताया कि टेलीविजन उनका हमेशा से पहला प्यार रहेगा। अभिनेता ने कहा कि टेलीविजन हमेशा उनका पहला प्यार रहेगा। इस माध्यम ने ही उन्हें सफलता का स्वाद चखाया। अभिनेता ने कहा कि वह हमेशा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करना चाहते थे। लेकिन, टेलीविजन के प्रति उनकी प्रतिबद्धताओं की वजह से वह कदम नहीं रख पाए। उन्होंने कहा, जैसा कि सभी जानते हैं, टीवी बेहद मांग वाला काम है, जिसमें सप्ताह में छह से सात दिन शूटिंग होती है। हालांकि, मेरा मानना ??है कि अवसर सही समय पर आते हैं और यह मेरे लिए एकदम सही पल था। उन्होंने आगे बताया, मैं हमेशा से मनोरंजन के सभी फॉर्मेट, ओटीटी, टेलीविजन और फिल्मों का हिस्सा बनना चाहता था। अब जब मुझे विभिन्न प्लेटफार्म्स के माध्यम से अपने प्रशंसकों से जुड़ने का मौका मिल रहा है, तो मैं वास्तव में इसका आनंद ले रहा हूं। टीवी हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा, और मैं अभी भी छोटे पर्दे के लिए तैयार हूं, लेकिन मैं अन्य माध्यमों को भी तलाशना चाहता हूं। उन्होंने बताया, मैं निर्माता से मिलने गया था और इससे पहले कि मैं कुछ समझ पाता, मैं एक प्रपोजल पर तैयार हो गया। मैं हमेशा से टॉलीवुड का हिस्सा बनना चाहता था, लेकिन प्रतिबद्धताओं के कारण, मैं पहले इसे एक्सप्लोर नहीं कर सका। मैं खलनायक की भूमिका के रूप में काम करने को तैयार हूं। धीरज ने पिछले महीने हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में अपने तेलुगू डेब्यू की शूटिंग शुरू की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की थी।



## कुकिंग करने चलीं आलिया ने जला लिया अपना हाथ

अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्मों के साथ-साथ कुकिंग पर भी काफी ध्यान दे रही हैं और अपनी मां से कुकिंग सीख रही हैं। लेकिन इस दौरान आलिया के साथ कुछ ऐसा हो गया, जिससे उनका हाथ जल गया। जानिए क्या हुआ।

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों फिल्मों के साथ-साथ अपने यूट्यूब पर भी काफी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी यूट्यूब सीरीज 'इन माई ममाज किचन' का दूसरा एपिसोड रिलीज किया। इसमें वो और उनकी मां सोनी राजदान स्वादिष्ट एप्पल क्रम्बल बनाते दिख रहे हैं। इस दौरान दोनों के बीच काफी हंसी-मजाक भी चलता है। साथ ही आलिया की मां सोनी राजदान ये भी बताती हैं कि वो इस एप्पल क्रम्बल मिठाई को किसे खिलाना चाहती हैं। वीडियो में अचानक कुछ ऐसा भी होता है जिससे आलिया का हाथ जल जाता है।

### मां-बेटी में हुई मजेदार बातें

वीडियो में आलिया भट्ट अपनी मां सोनी राजदान की मदद से इस डिश को तैयार कर रही हैं। वीडियो की शुरूआत में सोनी राजदान एप्पल क्रम्बल को बनाने के लिए जरूरी सामग्री की तैयारी करती हैं। तभी अचानक आलिया आती हैं और खाना बनाने की प्रक्रिया सीखने के लिए काफी उत्साहित दिखती हैं। आलिया बहुत ही एक्साइटमेंट में कहती हैं कि मुझे करने दो। मैं खाना बनाना सीखना चाहती हूं। इस पर सोनी राजदान मजाक करते हुए कहती हैं, मुझे लगा तुम सिर्फ यहां मेरा कमाल देखने और मुझे खाना बनाते देखने आई हो।

### आलिया की मां ने बताया किसे खिलाएंगी एप्पल क्रम्बल

कुकिंग के दौरान आलिया सोचती हैं कि इस स्वादिष्ट एप्पल क्रम्बल को कौन खाएगा, कौन इसका मजा लेगा। इस पर आलिया की मां कहती हैं कि हम इसे थोड़ा शाहीन और राहा के लिए भेजेंगे। इसके बाद तुम इसे यहां से ले जाना, क्योंकि मैंने इस महीने भर की मीठाइयों का मजा पहले ही ले लिया है। बता दें कि शाहीन आलिया की बहन हैं और राहा आलिया-रणबीर की बेटी है।

### टेस्टी एप्पल क्रम्बल खाने में जला आलिया का हाथ

एप्पल क्रम्बल के तैयार होने के बाद आलिया एक पीस खाती हैं और इसे बहुत टेस्टी व स्वादिष्ट बताती हैं। इसी दौरान आलिया के साथ कुछ ऐसा हो जाता है कि उनका हाथ जल जाता है। दरअसल, भूख में बेचैन दिख रही आलिया जल्दबाजी में एप्पल क्रम्बल रखी गर्म ट्रे को ही छू लेती हैं, जिससे उनका हाथ हल्का सा जल जाता है। आलिया की मां एकदम परेशान हो जाती हैं, फिर वो आलिया के हाथ को ठंडे पानी में डाल देती हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए आलिया ने लिखा, 'इसके लिए मैंने अपना हाथ जलाया।'



जाट के प्रमोशन पर ये क्या बोले सनी देओल

## जब मैं डर जाऊंगा तब ऐसी फिल्म करूंगा

सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जाट' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उनकी यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में अभिनेता कई सारे इवेंट में हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच किसी इवेंट से उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सनी देओल ने हॉरर फिल्म करने को लेकर जो जवाब दिया उसे सुनकर सभी चौंक गए।

### हॉरर फिल्में क्यों नहीं करते सनी देओल?

वीडियो में देखा जा सकता है कि किसी ने अभिनेता से पूछा कि वह हॉरर फिल्में क्यों नहीं करते। उनके जवाब ने सभी हंसने पर मजबूर कर दिया। अभिनेता ने कहा, 'जब मैं खुद डर जाऊंगा, तब ऐसी फिल्में करूंगा।' इतना कहकर सनी देओल हंसने लगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर मेरे पास ऐसी कोई स्क्रिप्ट आती है तो मैं जरूर हॉरर फिल्में करूंगा।

### 'जाट' कब होगी रिलीज

सनी देओल की फिल्म जाट 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी कर रहे हैं। यह एक्शन एक फिल्म है। फिल्म में सनी देओल के अलावा रिजीना कैसांड्रा, रणदीप हुड्डा, उर्वशी रौतेला, विनीत सिंह कुमार, सईयामी खेर, राम्या कृष्णा और जगपति बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।



ब्रेस्ट कैंसर से जंग के बीच हिना खान ने किया क्रिप्टिक पोस्ट

# मैं बुरी तरह टूट गई हूं, लेकिन...

**अभिनेत्री हिना खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। इस प्लेटफॉर्म पर वे फैंस से रूबरू होती हैं और अपनी निजी-पेशेवर जिंदगी से जुड़ी अपडेट भी उनके साथ शेयर करती हैं। हिना खान ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उनका उपचार चल रहा है। अभिनेत्री ने इस बीच एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है।**

हिना खान ने सोमवार 07 अप्रैल को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक कोट शेयर किया है। इसमें लिखा है, मैं बहुत बुरी तरह टूट चुकी हैं। लेकिन मैं कभी किसी को उस तरह से आहत नहीं करूंगी, जिस तरह से मुझे आहत किया गया है। हिना खान ने इसके अलावा एक अन्य पोस्ट भी शेयर किया है। इसमें लिखा है, मुकद्दर लिखने वाले के पास, मुकद्दर बदलने वाले इख्तियार भी हैं.. !!

हिना ने एक पोस्ट में अपना हालिया लुक भी शेयर किया है। उन्होंने व्हाइट आउटफिट में अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिनमें वे बेहद स्टाइलिश लग रही हैं।

## यूजर्स ने की सलामती की दुआ

हिना खान के लुक की फैंस और यूजर्स तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, क्या रंग खिला, क्या रूप सजा, मैंने ही नहीं दुनिया ने कहा, हमारी प्यारी हिना। एक यूजर ने लिखा, ऊपर वाला आपको सलामत रखे। एक अन्य यूजर ने लिखा, व्हाइट क्वीन। हिना खान छोटे परदे की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने ये रिश्ता क्या कहलाता है शो में अक्षरा का रोल अदा कर खूब लोकप्रियता बटोरी। हिना कई म्यूजिक वीडियोज में काम कर चुकी हैं।

## भारतीय सिनेमा की टॉप 10 ब्लॉकबस्टर में 7वें पायदान पर आई छावा, स्त्री-2 को पीछे धकेला



विक्की कौशल की हिस्टोरिकल एपिक फिल्म छावा भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक के बाद एक नए कारनामा कर रही है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 52 दिन हो चुके हैं और इन 52 दिनों में विक्की कौशल की फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

छावा ने श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 को पीछे छोड़ दी है। रिलीज के 52वें दिन छावा भारतीय सिनेमा की टॉप 10 ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। ट्रेड एनालिस्ट सैकनिल्क के मुताबिक, छावा ने 8वें रविवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। 52 दिनों के बाद छावा का कुल घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 598.50 करोड़ रुपये हो गए हैं। विक्की कौशल के लिए छावा उनके करियर में एक महत्वपूर्ण फिल्म है। यह फिल्म 600 करोड़ रुपये से चंद कदम दूर है।

साभार एजेंसी

# 1 मैच के साथ खत्म हुआ करियर

- ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने लिया संन्यास, सिर पर लगी चोट बनी वजह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के 27 साल के बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. उन्होंने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है.

विल पुकोवस्की का इंटरनेशनल करियर सिर्फ एक मैच का रहा, जो कि उन्होंने टीम इंडिया के खिलाफ डेब्यू करते हुए खेला था. ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का फ्यूचर कहे जाने वाले विल पुकोवस्की के संन्यास की वजह कहीं ना कहीं उन्हें लगातार हुई कन्कशन को माना जा रहा है. विल पुकोवस्की ने साल 2021 में भारत के खिलाफ खेले सिडनी टेस्ट में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था. दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने उस मैच में 72 रन बनाए थे, जिसमें पहली पारी में खेली 62 रन की दमदार इनिंग भी शामिल रही थी. हालांकि, उस मैच के बाद फिर कभी विल पुकोवस्की ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं आ पाए, जिसमें उन्हें हुए लगातार कन्कशन की अहम भूमिका रही.

**12 बार हुए कन्कशन का शिकार:** अपने क्रिकेट करियर के दौरान पुकोवस्की लगातार कन्कशन का शिकार होते रहे हैं. वो कई बार सिर पर गेंद खा चुके हैं, जो कि उनके संन्यास की बड़ी वजह बताई जा रही है. एक आंकड़े के मुताबिक पुकोवस्की के करियर में कुल 12 बार गेंद उनके सिर पर लगी है, जिसमें से 9 बार तो उनके साथ ऐसा हादसा इंटरनेशनल डेब्यू करने से पहले ही हो चुका था.

**कभी मेंटल हेल्थ तो कभी चोटज्पुकोवस्की रहे टीम से बाहर:** 2018-19 में पुकोवस्की ने मेंटल ब्रेक लिया था. इस दौरान उन्होंने कहा था कि वो मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं और इसलिए वह सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे.

2021 में भारत के खिलाफ डेब्यू टेस्ट खेलने के बाद वो कंधे में चोट के कारण बाहर हो गए थे. अक्टूबर 2022 से उन्होंने क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था और 3 महीने बाद वापसी की थी.

**विल पुकोवस्की का करियर:** विल पुकोवस्की का फर्स्ट क्लास करियर 7 साल का रहा है. इस दौरान उन्होंने 36 मैच खेले, जिसकी 57 पारियों में 45 से ज्यादा की औसत से 2350 रन बनाए हैं. फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 255 रन का रहा है.

फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके 7 शतक और 9 अर्धशतक है. विल पुकोवस्की ने 14 लिस्ट ए मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27 से ज्यादा की औसत से 333 रन बनाए हैं. लिस्ट ए में विल पुकोवस्की ने 1 शतक और 2 अर्धशतक जमाए हैं.

# एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान, तीन नए खिलाड़ी शामिल




**मुम्बई, एजेंसी।** श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में काशवी गौतम, एन श्री चरनी और शुचि उपाध्याय को पहली बार शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर को बतौर कप्तान के रूप में टीम में जगह दी है। इसके अलावा स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर को भी टीम में शामिल किया गया हैं।

चयनकर्ताओं ने चोटिल रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तेज गेंदबाज तीतास साधु के नाम पर विचार नहीं किया गया। 21 वर्षीय का काशवी गौतम इस साल वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहीं। उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट लिये। वहीं बीस वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए सिर्फ दो मैच खेले और चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय पिछले साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने तब नौ पारियों में 3.48 की इकॉनमी रेट और 15.44 की औसत से 18 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उनकी टीम मध्य प्रदेश ने ट्रॉफी जीती। इस वर्ष भारत में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को ध्यान में रखते हुए यह श्रृंखला तीनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है। सीरीज के सभी मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जायेंगे। पहला मुकबाला 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका के बीच होगा। 19 अप्रैल को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। दो मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका, चार मई को श्रीलंका भारत, सात मई को भारत दक्षिण अफ्रीका और नौ मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच खेला जायेगा। सीरीज का फाइनल 11 मई का होगा।

### एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिस, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय।

### पंजाब किंग्स के कप्तान

# श्रेयस अय्यर रो पड़े, इस एक्ट्रेस के सामने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस वक्त छाए हुए हैं. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल 2025 में अपनी टीम को दो मैच तो जिताए ही हैं साथ ही उनके बल्ले से जमकर रन निकले हैं. अय्यर ने इस बीच एक ऐसा खुलासा किया है जो उनके फैंस को काफी हैरत में डाल देगा.अय्यर ने बताया कि वो चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान रोने लगे थे. उनकी आंखों में आंसू आ गए थे. सवाल ये है कि आखिर क्यों अय्यर को रोना पड़ा जबकि चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अनका अहम योगदान था. वो भारत के लिए टॉप स्कोरर रहे थे. श्रेयस अय्यर को क्यों दुबई में रोना आया था इसका खुलासा उन्होंने एक्ट्रेस साहिबा बाली के सामने किया.



# टेनिसः बिली जीन किंग कप से पहले भारत की अंकिता रैना ने कही यह बात, टीम के बीच तालमेल को लेकर भी दिया बयान

**पुणे, एजेंसी।** भारत की शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने मंगलवार से शुरू हो रहे बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 से पहले बयान दिया है। उन्होंने आत्मविश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि टीम के बीच तालमेल बहुत अच्छा है। अंकिता ने कहा कि अब इस पल का आनंद लेने का समय है। देश की नंबर एक खिलाड़ी अंकिता इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम की कमान संभालेगी। उनके अलावा सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति, वैदेही चौधरी और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे भी टीम का हिस्सा हैं।

15 साल की माया राजेश्वरन रिजर्व खिलाड़ी हैं, जबकि पूर्व डेविस कप खिलाड़ी विशाल उप्पल कप्तान और राधिका कानिटकर तुलपुले कोच हैं। अंकिता ने कहा, हर कोई टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा है और मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। टीम के बीच तालमेल बहुत अच्छा है और हम शुरुआत का इंतजार कर रहे हैं। मैं बस उन्हें (युवा खिलाड़ियों को) यही कह रही हूं कि आप देश के लिए खेल रही हो और इसका पूरा आनंद लो। मैं उनसे कहूंगी की अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। इस मुकाम तक पहुंचना बहुत से लोगों का सपना होता है। इसलिए बस अपना सर्वश्रेष्ठ दें, वहां हर पल का आनंद लें। परिणाम के बारे में चिंता न करें। भारत शुरुआती दिन न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

### आईपीएल 2025:

# विराट कोहली ने रचा इतिहास




**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार (7 अप्रैल) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे किए। 36 वर्षीय कोहली ने अपनी पारी के दौरान 17 रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की। कोहली 13,000 टी20 रन बनाने वाले पहले भारतीय हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के केवल पांचवें बल्लेबाज हैं।

### 13,000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज

कोहली ने अपनी 386वीं टी20 पारी में यह उपलब्धि हासिल की। इससे वह वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के बाद दूसरे सबसे कम मैच में यब उपलब्धि हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए।

गेल ने केवल 381 पारियों में 13,000 रन बनाए थे। कोहली ने इंग्लिश बल्लेबाज एलेक्स हेल्स को लगभग 90 पारियों से पीछे छोड़ते हुए सूची में दूसरा स्थान हासिल किया।

### रोहित शर्मा के 11,851 रन

आईपीएल 2024 के दौरान कोहली ने सिर्फ 360 पारियों में गेल के बाद दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज के तौर पर 12,000 टी20 रन पूरे किए। भारतीय खिलाड़ियों में रोहित शर्मा 438 पारियों में 11,851 रन के साथ टी20 रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। कोहली ने 3 अप्रैल, 2007 को दिल्ली के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ इंटर-स्टेट टी-20 टूर्नामेंट में अपना टी20 डेब्यू किया। इसे बाद में सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी का नाम दिया गया। इस मैच उन्होंने 35 रन बनाए।

### कोहली के 9 शतक

कोहली शतक के मामले में भी भारतीय बल्लेबाजों में सबसे आगे हैं। उन्होंने अपने करियर में 9 शतक लगाए हैं। इनमें से आठ आईपीएल में आए हैं। कोहली ने इससे पहले 2021 आईपीएल के दौरान 10,000 टी20 रन के मील के पत्थर को पार किया था। बाबर आजम और गेल के बाद तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज थे। उन्होंने 299 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। कोहली के आईपीएल में 8000 से ज्यादा रन हैं। वह लीग के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

# भुवनेश्वर कुमार के नाम जुड़ा सबसे बड़ा रिकॉर्ड, इस मामले में बन गए नंबर वन




**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में तेज गेंदबाजों ने अपनी धारदार गेंदबाजी से बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया है और इस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पेसरों की सूची में भुवनेश्वर कुमार ने बाजी मार ली है। 179 मैचों में 184 विकेट के साथ भुवनेश्वर आईपीएल के सबसे सफल तेज गेंदबाज बन गए हैं। यह आंकड़ा उनकी निरंतरता और स्विंग गेंदबाजी की कला का सबूत है। भुवनेश्वर ने वेस्टइंडीज के दिग्गज ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 161 मैचों में 183 विकेट हैं। ब्रावो, जो अपनी धीमी गेंदों और यॉर्कर के लिए मशहूर थे, अब इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

तीसरे नंबर पर श्रीलंका के लसिथ मलिंगा हैं, जिन्होंने 122 मैचों में 170 विकेट लिए और मुंबई इंडियंस को कई खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। चौथे स्थान पर भारत के मौजूदा स्टार जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्होंने 134 मैचों में 165 विकेट हासिल किए हैं। बुमराह की डेथ ओवर्स में सटीक यॉर्कर और गति ने उन्हें इस सूची में तेजी से ऊपर पहुंचाया है। वहीं, पांचवें नंबर पर उमेश यादव हैं, जिन्होंने 148 मैचों में 144 विकेट लिए और अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को परेशान किया।



### एटीपी मास्टर्सः

# रोहन बोपन्ना ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, एटीपी मास्टर्स का मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।

वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया।

### नेस्टोर के नाम था रिकॉर्ड

बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6-3, 6-2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।

### कुछ समय से खराब फॉर्म में गुजर रहे हैं बोपन्ना

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्ग्स के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।

# रात को होटल छोड़कर जाते थे बाबर आजम, करते थे ये डिमांड, हुआ खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाबर आजम का प्रदर्शन इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी समय से खराब रहा है. चैंपियंस ट्रॉफी के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भी वो फ्लॉप रहे. अब ये खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग में नजर आएगा. इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले उनकी पुरानी टीम कराची किंग्स के मालिक सलमान इकबाल ने बड़ा खुलासा किया है. सलमान इकबाल ने बताया कि बाबर आजम पीएसएल के समय रात को होटल छोड़कर चले जाते थे और उन्हें किसी ने रोका भी नहीं. सलमान इकबाल ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, 'बाबर आजम देर रात को टीम होटल से बाहर चले जाते थे और उन्हें कोई रोकता भी नहीं था. वो अपने साथ दूसरे खिलाड़ियों को भी ले जाते थे.' सलमान ने बताया कि बाबर आखिर होटल से बाहर जाते क्यों थे. उन्होंने कहा कि बाबर आजम को लोकल फूड खाने का बड़ा शौक है. सलमान ने कहा, 'हमने बाबर को कभी कराही खाने से नहीं रोका. जब भी बाबर को ये डिश खानी होती थी हमने उन्हें मुहैया कराई.' कराही लाहौर की एक मशहूर डिश है जो पाकिस्तान के लोग बड़े चाव से खाते हैं.

बाबर आजम का पीएसएल में बड़ा इम्तिहान होने वाला है. ये खिलाड़ी पेशावर जाल्मी का हिस्सा है. बाबर आजम टीम के कप्तान हैं और इस टीम के मालिक जावेद अफरीदी हैं.

# हैरी ब्रूक बने इंग्लैंड के नए सफेद-बॉल कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को इंग्लैंड की पुरुष सफेद-बॉल टीमों का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। ब्रूक ने जोस बटलर की जगह ली है, जिन्होंने पाकिस्तान में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से इंग्लैंड के जल्दी बाहर होने के बाद इस भूमिका से इस्तीफा दे दिया था। पिछले साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के दौरान ब्रूक चोटिल बटलर की जगह इंग्लैंड के कप्तान बने थे। ब्रूक ने न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी की थी। ब्रूक ने कप्तानी मिलने पर कहा, इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में नामित होना वास्तव में सम्मान की बात है। जब से मैं व्हार्फडेल में बर्ले में क्रिकेट खेलता था, तब से मैं यॉर्कशायर का प्रतिनिधित्व करने, इंग्लैंड के लिए खेलने और शायद एक दिन टीम का नेतृत्व करने का सपना देखता था।अब मुझे वह मौका मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने परिवार और कोचों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मुझ पर उनके विश्वास ने बहुत



कुछ बदल दिया है और मैं उनके बिना इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाता। ब्रूक ने सोमवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा, इस देश में बहुत प्रतिभा है और मैं शुरुआत करने, हमें आगे बढ़ाने और सीरीज, विश्व कप और प्रमुख आयोजन जीतने की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं आगे बढ़ने और अपना सबकुछ देने के लिए उत्साहित हूं। 26 वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण करने के बाद से इंग्लैंड की सफेद-बॉल टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और वर्तमान में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। अब तक ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए 26 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34 की औसत से 816 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 110 रहा है। उन्होंने 44 टी20 मैच भी खेले हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 81 रहा है और वह बटलर के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया में 2022 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने ब्रूक के शीर्ष भूमिका निभाने पर खुशी जताई। मुझे खुशी है कि हैरी ब्रूक ने दोनों प्रारूपों में इंग्लैंड के सफेद-बॉल कप्तान के रूप में भूमिका स्वीकार कर ली है। वह पिछले कुछ समय से हमारे उत्तराधिकार नियोजन का हिस्सा रहे हैं, हालांकि यह अवसर उम्मीद से थोड़ा पहले आया है। उन्होंने कहा, हैरी न केवल एक बेहतरीन क्रिकेटर हैं, बल्कि उनके पास एक बेहतरीन क्रिकेटिंग दिमाग और दोनों टीमों के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण भी है, जो हमें और अधिक श्रृंखला, विश्व कप और प्रमुख वैश्विक टूर्नामेंट जीतने में मदद करेगा। इंग्लैंड के कप्तान के रूप में ब्रूक का पहला काम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और इतने ही टी20 मैच खेलना है, जिसकी शुरुआत 29 मई को एजबस्टन में होगी। यह भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 पुरुष टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले 2027 वनडे विश्व कप के लिए इंग्लैंड की तैयारी की शुरुआत भी है।

# दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी, अमेरिका-चीन में टैरिफ टकराव चरम पर

## -ट्रंप के 104% के जवाब में चीन ने अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर लगाया 84% टैरिफ



चीन। चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ वॉर अब जबरदस्त तरीके से बढ़ता हुआ दिख रहा है। अमेरिका ने मंगलवार को चीन पर 104 फीसदी का भारी-भरकम टैरिफ लगाया था। इसके बाद आज बुधवार को चीन की तरफ से अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 84 फीसदी टैरिफ लगा दिया गया है। यह टैरिफ 10 अप्रैल यानी गुरुवार से लागू हो जाएगा। इससे ट्रंप और चीन के बीच तनातनी काफी बड़े स्तर पर पहुंच गई है। ट्रेड वॉर के बाद छिड़े इस टैरिफ वॉर का असर दुनियाभर पर पड़ता हुआ दिखाई दे सकता है।

**किसने-कितना बढ़ाया टैरिफ**

पिछले महीने तक अमेरिका चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाता था। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया।

इसमें चीन पर 34 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। इससे चीन पर कुल 44 फीसदी टैरिफ लागू हो गया। ट्रंप की इस घोषणा के कुछ ही समय बाद व्हाइट हाउस ने कहा कि वह पूरी दुनिया से 10 फीसदी अतिरिक्त नॉन-रेसिप्रोकल टैरिफ वसूलेगा। इससे चीन पर टैरिफ बढ़कर 54 फीसदी हो गया।

इसके बाद चीन ने जवाबी हमला बोलते हुए अमेरिकी उत्पादों पर 34 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। इस घोषणा के 48 घंटे से भी कम समय में ट्रंप ने पलटवार करते हुए चीनी उत्पादों पर टैरिफ में 50 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी, इससे कुल टैरिफ 104 फीसदी हो गया। अब आज चीन ने फिर से जवाबी हमला करते हुए अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ को बढ़ाकर 84 फीसदी कर दिया है।

**अमेरिका ने समझौते का दरवाजा खुला छोड़ा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद कहा था कि जो देश हम पर जितना टैक्स लगाएगा, हम भी उस पर उतना ही टैक्स लगाएंगे। इसी कड़ी में वे रेसिप्रोकल टैरिफ लेकर आए। अमेरिका ने भले ही चीन पर 104 फीसदी का भारी-भरकम टैरिफ लगा दिया हो, लेकिन उसने समझौते का रास्ता भी खुला छोड़ा हुआ है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, 'चीन भी डील करना चाहता है, लेकिन वे नहीं जानते कि इसे कैसे शुरू किया जाए। हम उनके कॉल का इंतजार कर रहे हैं।'

# कुणाल कामरा विवाद पर बोले महाराष्ट्र सपा अध्यक्ष अबू आज़मी 'अभिव्यक्ति की आज़ादी सबके लिए हो'



मुंबई। कॉमेडियन कुणाल कामरा विवाद पर महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आज़मी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, 'कानून सबके लिए बराबर है। अगर इसी देश में सलमान रुश्दी और तसलीमा नसरीन को बुलाकर रेड कारपेट दी जाती है तो उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती।' आजमी ने कहा, 'अगर कोई उपमुख्यमंत्री के खिलाफ बोलता है, तो तुरंत जांच होती है। मैं समझता हूं कि यह एक धर्मनिरपेक्ष देश है और सभी को बोलने और अभिव्यक्ति का अधिकार है। अगर कोई बोलता है तो इतना नाराज नहीं होना चाहिए।'

**क्या है कुणाल कामरा विवाद?**

कुणाल कामरा और एकनाथ शिंदे के बीच का विवाद पिछले महीने शुरू हुआ था, जब स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अपने शो में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तंज कसा था। कामरा ने बॉलीवुड के एक गाने की पैरोडी बनाकर शिंदे के राजनीतिक करियर पर व्यंग्य किया था। कामरा की यह टिप्पणी 2022 में शिंदे द्वारा उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत और महा विकास आघाड़ी सरकार गिराने की घटना से जुड़ी थी। 23 मार्च 2025 को कामरा ने यह वीडियो अपने यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जो तेजी से वायरल हो गया।

इसके बाद शिंदे गुट के शिवसैनिकों ने 24 मार्च को मुंबई के खार इलाके में स्थित हैबिटेट कॉमेडी क्लब और होटल यूनिकॉन्टिनेंटल में तोड़फोड़ की, जहां यह शो रिकॉर्ड हुआ था। शिवसेना कार्यकर्ताओं का दावा था कि कामरा ने शिंदे का अपमान किया, और उन्होंने उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

खार पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 356(2) (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया और उन्हें तीन समन जारी किए। कामरा 5 अप्रैल को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। इसके अलावा, जलगांव के मेयर, नासिक के एक होटल व्यवसायी, और एक व्यापारी ने भी उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज कीं।

**कुणाल कामरा ने खटखटाया बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा**

हालही में खबर सामने आई थी कि स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कामरा ने कोर्ट से खार पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। गौरतलब है कि कामरा ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर अपमान जनक टिप्पणी की थी।

# डॉ. जॉन बनकर 7 मरीजों की जान लेने वाला फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य गिरफ्तार





दमोह। मध्य प्रदेश के दमोह जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे देश को हिला कर रख दिया। एक फर्जी हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. एन जॉन कैम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव, ने खुद को कार्डियोलॉजिस्ट बताकर सात लोगों की हार्ट सर्जरी की, जिससे सभी की मौत हो गई। जैसे ही इस जघन्य कांड का खुलासा हुआ, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को उसे दमोह जिला अदालत में पेश किया गया। दरअसल इसने खुद को ब्रिटेन का प्रसिद्ध हार्ट विशेषज्ञ डॉक्टर एन जॉन केम बताया और फर्जी दस्तावेजों के दम पर मध्य प्रदेश के दमोह में 7 मरीजों का हार्ट ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के दौरान इन सभी मरीजों की मौत हो गई।

दरअसल मध्य प्रदेश के दमोह जिले में मिशनरी अस्पताल चलता है। यहां जनवरी-फरवरी के बीच 7 मरीजों की मौत हुई। इन सभी मरीजों का ऑपरेशन ब्रिटेन से आए प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर डॉक्टर एन जॉन केम ने किया था। मगर जब जांच की गई तो डॉ. एन जॉन केम की सच्चाई सामने आ गई।

दरअसल इसका असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव था और इसने डॉक्टरी के फर्जी दस्तावेज बनवा रखे थे। इसने खुद को ब्रिटेन का डॉक्टर बताक दमोह के मिशनरी अस्पताल में नौकरी हासिल की थी।

**मध्य प्रदेश लाया जा रहा**

हमारे सहयोगी आजतक की खबर के मुताबिक, मध्य प्रदेश पुलिस की टीम ने प्रयागराज पुलिस की मदद से प्रयागराज में छापेमारी की और इस फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार किया। अभी तक मृतकों की संख्या 7 है। मगर ये आंकड़ा बढ़ भी सकता है। दरअसल इसने कई हार्ट ऑपरेशन किए हैं। अब मध्य प्रदेश प्रशासन ये पता करने की कोशिश कर रहा है कि इसकी वजह से कितने मरीजों ने अपनी जान गवाई है।

**15 लोगों का किया है ऑपरेशन**

अभी तक की जांच में सामने आया है कि इस फर्जी डॉक्टर ने 15 लोगों का हार्ट ऑपरेशन किया है, जिसमें से 7 की मौत हुई है। आरोप ये भी है कि इसने साल 2006 में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष का भी ऑपरेशन किया था और उनकी भी मौत हो गई थी। फिलहाल मध्य प्रदेश पुलिस ने आरोपी नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ डॉ एन जॉन केम के खिलाफ गबन, जालसाजी समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# महाराष्ट्र के खुलताबाद-रतनपुर और दौलताबाद-देवगिरि विवाद: नाम पर फिर शुरू हुई हिंदू-मुस्लिम राजनीति

## -AIMIM नेता का पलटवार – "अब बाप का नाम बदलना बाकी"

मुंबई। महाराष्ट्र में एक बार फिर शहरों के नाम बदलने की मांग उठी है और उसे लेकर राजनीति गरमाई है। फिर एक बार छत्रपति संभाजीनगर जिले में एक नया विवाद सामने आया है। सामाजिक न्याय मंत्री और जिले के पालक मंत्री संजय शिरसाट ने खुलताबाद का नाम बदलकर रत्नपुर और दौलताबाद का नाम बदल कर देवगिरि करने की माँग की है, जिसे बीजेपी का भी समर्थन मिल रहा लेकिन मुस्लिम नेता और विपक्ष जमकर सत्तापक्ष पर इसे लेकर हमला बोल रहे है। AIMIM के नेता ने तो बाप का नाम बदलने की बात तक कह दी।

**संजय शिरसाठ ने उठाई मांग**

बता दें कि महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और शिंदे शिवसेना नेता संजय शिरसाठ ने कहा कि खुलताबाद, छत्रपति संभाजीनगर जिले का एक ऐतिहासिक शहर है, जहां मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र स्थित है, जो लंबे समय से विवाद का केंद्र रहा है। अब इस शहर का नाम बदलकर रत्नपुर किया जाए साथ ही पास ही स्थित दूसरे अन्य शहर दौलताबाद का नाम बदलकर देवगिरि किया जाए। सामाजिक न्याय मंत्री और छत्रपति संभाजीनगर के पालक मंत्री संजय शिरसाट ने अब खुलताबाद का नाम बदलकर रत्नपुर करने की मांग उठाई है। शिरसाट ने कहा, "खुलताबाद का मूल नाम रत्नपुर था, जिसे औरंगजेब के समय बदल दिया गया। उन्होंने कई शहरों के नाम बदले, जैसे धाराशिव और नगर। महाराष्ट्र में जहां कहीं भी जगहों के नाम में '-बाद' आता है- जैसे दौलताबाद, हमारा लक्ष्य उनकी मूल पहचान बहाल करना है। कैबिनेट मिनिस्टर और शिंदे शिवसेना नेता भारत गोगावाले ने भी कहा कि महायुति सरकार इस प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है, और खुलताबाद का नाम रत्नपुर करना उसी दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष ने की सबसे पहले मांग**

महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक संजय केनेकर ने कहा कि मैंने संभाजीनगर के गार्जियन मिनिस्टर संजय शिरसाठ को पत्र दिया है और महाराष्ट्र सरकार से माँग की है कि खुलताबाद में औरंगज़ेब नहीं बल्कि छत्रपति संभाजी महाराज का स्मारक बने । खुलताबाद नहीं वह रत्नपुर है साथ ही दौलताबाद नहीं देवगिरी है यह नाम पहले से थे जब हिंदू शासन था जब मुग़ल आए उन्होंने नाम बदले इस लिए पहले की नाम दिए जाए अभी के नाम बदले जाए। राज्य में हिंदूवादी सरकार है हम ये नाम बदलेंगे। जिनके दिमाग में हिंदू-मुसलमान है वही नेता ही सिर्फ़ ऐसे राजनीति करते है। जानकारी दे दें कि इन्होंने सबसे पहले इन शहरों के नाम बदलने की मांग सरकार से की है।

**विपक्ष ने लगाया आरोप**

विपक्ष ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है, जिसमें AIMIM के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने महायुति सरकार पर जानबूझकर विभाजनकारी मुद्दे उठाकर अशांति भड़काने का आरोप लगाया है। छत्रपति संभाजीनगर में बोलते हुए जलील ने कहा, "अगर आप में हिम्मत है तो गुजरात के अहमदाबाद का नाम बदलकर दिखाइए।" जलील ने तर्क दिया कि राजनेता इस तरह की बयानबाजी इसलिए करते हैं क्योंकि उनके पास विकास से संबंधित कोई ठोस काम नहीं है। सत्ताधारियों को चुनौती देते हुए उन्होंने टिप्पणी की, "अब इन लोगों को सिर्फ अपने बाप का नाम बदलना बाकी रह गया है।समाजवादी पार्टी ने भी शहरों के नाम बदलने की माँग पर बीजेपी नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी नेता अबू आसीम आज़मी ने कहा कि खुलताबाद और दौलताबाद के नाम बदलने के मुद्दे पर कहा की बीजेपी की सरकार है ये मुगलों का इतिहास मिटाना चाहती है, उनकी सरकार है जो मर्जी चाहे कर ले हम रोकेंगे नहीं क्योंकि बीजेपी यही हिंदू-मुसलमान कर वोटों की राजनीति करना चाहती है। जिन्होंने इस देश को सोने की चिड़िया बनाया उनका इतिहास मिटाया जा रहा है और जो अंग्रेज़ देश को लूट गए उनके बारे में कुछ नहीं होता। उत्तराखंड में भी नाम बदले गए बीजेपी जो चाहे कर ले इनके पास बहुमत है। हम विरोध नहीं करेंगे मुसलमानों से भी कहूँगा विरोध मत करिए हमारे विरोध से उल्टा पोलराइजेशन होता है बीजेपी जो चाहती है वही करती है। इस मामले पर उद्धव ठाकरे से पूछा गया तो उन्होंने खुलकर तो कुछ बात नहीं की, पर बीजेपी महाराष्ट्र अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इस मामले पर कहा कि मुगलकालीन शहरों के नाम बदलने के विषय में बीजेपी का समर्थन है।

**पहले बदली जा चुके हैं शहरों के नाम**

महाराष्ट्र में नामांतरण को लेकर कई बार राजनीति छिड़ी है। इस औरंगाबाद शहर में ही मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के नाम को लेकर दंगा-फसाद हो चुका है। उसके बाद औरंगाबाद, पास के अहमदनगर और उसमानबाद का नाम लंबी मांग के बाद शिंदे फड़नवीस सरकार ने बदला। अब फिर से छत्रपति संभाजी नगर जिले के खुलताबाद और दौलताबाद के नाम बदलने की माँग पर राजनीति शुरू हो गई है। जानकारी दे दें कि दौलताबाद, यादवों, दिल्ली सल्तनत और अहमदनगर सल्तनत की राजधानी रह चुका है। यादवों की राजधानी यादव वंश के राजा भिल्लम पंचम ने 11वीं शताब्दी में देवगिरि (दौलताबाद) को अपनी राजधानी बनाया था। वहीं, तुगलक वंश के शासक मुहम्मद बिन तुगलक ने 1327 में दिल्ली से राजधानी दौलताबाद स्थानांतरित कर दी थी। इसके अलावा, 1499 में दौलताबाद अहमदनगर सल्तनत का हिस्सा बन गया और यह उसकी दूसरी राजधानी बनी।

दौलताबाद, महाराष्ट्र के औरंगाबाद ज़िले में स्थित है। यह शहर उत्तर और दक्षिण भारत के बीच में पड़ता है। दौलताबाद किले का निर्माण यादव राजा भिल्लम पंचम ने करवाया था। दौलताबाद किला मध्यकालीन भारत का सबसे ताकतवर किला था। दौलताबाद को पहले देवगिरि के नाम से जाना जाता था। इसी से कुछ किलोमीटर दूरी पर खुलताबाद शहर है जिसे रतनपुर कहा जाता था पर मुगलों के शासन काल में इसका नाम बदला गया। औरंगज़ेब के निधन के बाद उसकी कब्र इसी शहर में बनाई गई है।

# राजस्थान के मदरसों में सेनेटरी अवेयरनेस, मदरसा जामिया तय्यबा में अभियान का अंतिम चरण

## -मदरसे में बेटियों को मिला आत्मविश्वास, 'पीरियड' पर खुलकर हुई बात



जयपुर । राजस्थान मदरसा बोर्ड और जगन फाउंडेशन की संयुक्त पहल 'पीरियड का पीरियड' अभियान का अंतिम चरण बुधवार को जयपुर जिले के नाहरी का नाका स्थित मदरसा जामिया तय्यबा मेमोरियल स्कूल में संपन्न हुआ। इस अभियान का उद्देश्य मदरसों में पढ़ने वाली छात्राओं को माहवारी से जुड़ी जागरूकता और स्वच्छता से संबंधित जानकारियां देना था। कार्यक्रम में राजस्थान मदरसा बोर्ड के सचिव चेतन चौहान, जयपुर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध, जगन फाउंडेशन की निदेशक मालविका मुद्गल, मदरसा बोर्ड के पीआरओ और मदरसा जामिया तय्यबा के डायरेक्टर कारी मोहम्मद इसहाक सहित शिक्षकगण और छात्राएं मौजूद रहीं। इस मौके पर मदरसा बोर्ड सचिव चेतन चौहान ने छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व और सरकार की प्रतिबद्धता से अवगत कराया। जब एक छात्रा ने मदरसे में शिक्षकों की कमी की बात उठाई, तो चौहान ने तुरंत जवाब देते हुए कहा, "बहुत जल्द नए शिक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे। आपकी पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शिक्षा के लिए आपको मेरी जरूरत जहां भी हो, मैं वहां रहूंगा।" वहीँ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा, "मदरसा जामिया तय्यबा ने जयपुर में एक मिसाल पेश की है। आप लगन और ईमानदारी से पढ़ाई करती रहें, हम हमेशा आपकी शिक्षा को लेकर चिंतित और प्रतिबद्ध हैं।" जगन फाउंडेशन की निदेशक मालविका मुद्गल ने माहवारी को लेकर छात्राओं के बीच भ्रांतियों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा, "माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, इसे लेकर शर्माने की कोई जरूरत नहीं है। आप किसी भी परेशानी को अपने टीचर्स या पेरेंट्स से साझा करें। यही आपके सशक्त होने का पहला कदम है।"कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन किट्स भी वितरित की गईं और स्वच्छता के तौर-तरीकों की जानकारी दी गई। स्कूल के स्टाफ ने इस पहल के लिए मदरसा बोर्ड और जगन फाउंडेशन का आभार जताया। 'पीरियड का पीरियड' अभियान अब तक राजस्थान के कई जिलों में चलाया जा चुका है और इसके ज़रिए सैकड़ों छात्राओं तक स्वास्थ्य और स्वच्छता का संदेश पहुंचाया गया है।

# झालरापाटन में पेयजल संकट पर बिफरीं वसुंधरा राजे, बोलीं– अफ़सर तृप्त, जनता व्याकुल




झालरापाटन। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने विधानसभा क्षेत्र झारलापाटन का दौरा किया। इस दौरान पेयजल संकट की शिकायत मिलने पर वे अधिकारियों पर बिफर पड़ीं। उन्होंने कहा कि अफ़सर सो रहें है और लोग रो रहें हैं। उन्होंने कहा कि क्या प्यास जनता को नहीं, सिर्फ़ अफ़सरों को ही लगती है? वसुंधरा राजे झालरापाटन के रायपुर कस्बे में पहुंचीं तो वहां लोगों ने पेयजल समस्या का मुद्दा उठाया। पेयजल संकट की शिकायत पर जनजीवन मिशन और जलदाय विभाग के अफसरों की वसुंधरा राजे ने अच्छी खासी क्लास ली। उन्होंने कहा- 'क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ़ आप अफ़सरों को ही प्यास लगती है। गर्मी में पेयजल संकट के कारण जनता त्रस्त है और अफ़सर तृप्त हैं।'

वसुंधरा राजे ने सख्त लहजे में कहा-'पानी कागजों में नहीं, लोगों के होठों तक पहुंचे। अफ़सर सो रहे हैं, लोग रो रहे हैं। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 42 हज़ार करोड़ जल जीवन मिशन में दिया है। पाई-पाई का हिसाब दो कि झालावाड़ के हिस्से की राशि का आपने क्या किया? पेयजल संकट निवारण के लिए हमारी सरकार तो पैसा दे रही है, लेकिन अफसर योजनाओं का सही क्रियान्वयन नहीं कर रहे हैं। इसलिए राजस्थान के लोग प्यास से व्याकुल है।

वसुंधरा राजे ने कहा- यह तो अप्रेल का हाल है। जून-जुलाई में क्या होगा? वसुंधरा राजे के इस सवाल पर अधीक्षण अभियंता दीपक सिंह झा सहित वहां मौजूद कोई अधिकारी संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया तो उन्होंने साफ़ कहा कि लोगों के धैर्य की परीक्षा मत लीजिए। यहां ऐसा हरगिज नहीं चलेगा। वसुंधरा राजे के बेटे व झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह भी उनके साथ थे। इसके बाद वसुंधरा राजे ने कड़ोदिया गांव में सीएचसी भवन व मथानिया में पीएचसी भवन का उद्घाटन किया।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की 'वक्फ बचाओ मुहिम'

नई दिल्ली। नए वक्फ कानून का विरोध कर रहे मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने विरोध प्रदर्शनों के लंबे कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। इस प्रदर्शन का पहला दौर 10 अप्रैल से शुरू होगा जो 7 जुलाई तक चलेगा। बोर्ड की तरफ से कहा गया है कि वक्फ बचाओ मुहिम शाहबानो मामले की तरह शहर से लेकर गांव तक चलाई जाएगी। इस मुहिम में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से लेकर रामलीला मैदान तक में बड़ा प्रोग्राम किया जाएगा। साथ ही प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्मन चेन बनाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। बोर्ड ने 30 अप्रैल को रात 9 बजे ब्लैकआउट की अपील भी की है। अब आपको सिलसिलेवार तरीके से बताते हैं कि बोर्ड ने वक्फ कानून के विरोध में क्या तैयारी की है।

**वक्फ कानून के खिलाफ बोर्ड की तैयारी-**

- 10 अप्रैल से 7 मई तक विरोध का पहला दौर
- 22 अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडिय में वक्फ की हिफाज़त के नाम पर प्रोग्राम
- 7 मई को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ा कार्यक्रम
- सभी प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम
- जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्मन चेन बनाकर विरोध
- 30 अप्रैल की रात 9 बजे घर, फैक्ट्री, दफ्तर में ब्लैक आउट
- हर जिला मुख्यालय पर धरना देकर राष्ट्रपति को ज्ञापन
- देश के बड़े 50 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी
- सभी बड़े शहरों में बुद्धिजीवी समाज के साथ मीटिंग
- बोर्ड की महिला विंग अलग-अलग जगह पर प्रोग्राम करेगी

**पर्सनल लॉ बोर्ड 3 महीने तक क्या करने वाला है?**

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ "वक्फ बचाओ मुहिम" के पहले दौर का आगाज 10 अप्रैल से होगा और 7 जुलाई तक चलेगा। "तहफ्फुज़ ए औकाफ़ कारवा" यानी वक्फ की हिफाज़त के नाम दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 22 अप्रैल को बड़ा कार्यक्रम होगा। वहीं 7 मई को दिल्ली के रामलीला मैदान में भी बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्मन चेन बनाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

**पर्सनल लॉ बोर्ड ने लोगों से की अपील**

बोर्ड ने लोगों से अपील की है कि 30 अप्रैल की रात 9 बजे लोग अपने घर, फैक्ट्री, ऑफिस की लाइट बंद करके आधे घंटे के लिए अपना विरोध दर्ज कराएं। हर जिला मुख्यालय पर धरना देकर डीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। देश के बड़े 50 शहर दिल्ली मुंबई हैदराबाद, रांची, लखनऊ अहमदाबाद जैसे बड़े शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,